तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025


12 गंगानगर, कृष्णा नगर बस्ती में भरता था पानी...


14 कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा तहसील दफ्तर...

# आसान नहीं महाकुंभ स्नान, सप्ताहभर की फ्लाइट फुल, ट्रेनों में लंबी वेटिंग, बसों का किराया दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रयागराज के महाकुंभ डुबकी लगाना आसान नहीं है। रायपुर से संचालित होने वाली एकमात्र नियमित फ्लाइट सप्ताहभर फुल हो चुकी है। उस रूट पर चलने वाली तमाम ट्रेनों में लंबी वेटिंग है और बसों का किराया भी दोगुना हो चुका है। प्रयागराज जाना ही नहीं, वापसी के लिए भी श्रद्धालुओं को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

महाकुंभ में भारी भीड़ उमड़ रही है और छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ों की संख्या में गंगा में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु जा रहे हैं। इसका सीधा असर उस ओर चलने वाली ट्रेनों, बसों और एकमात्र फ्लाइट पर हुआ है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रतिदिन प्रयागराज के लिए फ्लाइट का संचालन होता है। कुंभ मेला शुरू होने के बाद से ही सात से आठ हजार रुपए में मिलने वाला टिकट 17 से 19 हजार तक पहुंच गया था। व्यास ट्रेवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि 27 जनवरी तक फ्लाइट पूरी तरह फुल हो चुकी है, इसके बाद किराया 19 से 20 हजार रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह संचालित होने वाली ट्रेन कुंभ स्पेशल और अन्य नियमित ट्रेनों में वेटिंग सौ के पार जा चुकी है, जिससे कन्फर्म होने की संभावना दूर-दूर तक नहीं है। रायपुर से प्रयागराज के बीच बस का सफर एक हजार में पूरा होता है, जो कुंभ की वजह से दो से ढाई हजार तक पहुंच चुका है।

## प्रयागराज जाना ही नहीं, वापसी का किराया भी बढ़ा हुआ, प्रतीक्षा सूची भी लंबी

### 12 फरवरी के बाद टिकट

रायपुर- प्रयागराज के बीच आवाजाही करने वाली फ्लाइट में 12 फरवरी के बाद ही नियमित रूप से 20 हजार से दाम में टिकट मिल रहा है। इसके पूर्व इस शहर का एयर टिकट 28 जनवरी, 3 और 5 फरवरी को मिलने की संभावना है। विमान में वापसी का सफर भी 20 से 26 हजार रुपए तक खर्च करने में ही पूरा हो रहा है। प्रयागराज जाने बड़ी संख्या में यात्री व्हाया फ्लाइट का भी उपयोग कर रहे हैं।



### बसों में भी भीड़

रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए रायपुर के साथ दुर्ग सहित अन्य शहरों से बसों का संचालन किया जाता है। फ्लाइट की यात्रा के लिए सक्षम नहीं होने और ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ की गुंजाइश नहीं होने वाले बसों में सफर कर रहे हैं। यात्री बढ़ने की वजह से बसों का किराया भी 15 से 2500 तक हो चुका है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष सैयद अनवर ने बताया कि यात्रियों की संख्या सामान्य से अधिक है।

### सारनाथ में नो रूम, कुंभ स्पेशल भी पैक

प्रयागराज जाने के लिए रायपुर से रोजाना दो से तीन ट्रेन का संचालन होता है। इसके अलावा रेल प्रशासन द्वारा कुंभ स्पेशल ट्रेन का संचालन भी किया जा रहा है। सारनाथ में तो नो रूम वाली स्थिति बन चुकी है, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में प्रतीक्षा सूची डेढ़ सौ के पार हो चुकी है। सप्ताहिक रूप से चलने वाली कुंभ एक्सप्रेस में भी कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो चुका है। इन ट्रेनों में यात्रा भी महाशिवरात्रि के बाद सामान्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर शुल्क वसूली, अपराध दर्ज

**रायपुर।** बेरोजगार युवाओं की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर शुल्क वसूली करने के आरोप में सत्यकाम फाउंडेशन से जुड़े लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सूरजपुर निवासी ममता राजवाड़े तथा अन्य ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सत्यकाम फाउंडेशन के बी. कुमार, पीके निराला, आरएस पासवान तथा अन्य के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। ममता तथा अन्य ने पुलिस को बताया कि सत्यकाम से जुड़े लोगों ने उन्हें नौकरी के साथ बैंक से लोन, दिलवाने का झांसा देकर वर्ष 2022 में सौ से एक हजार रुपए सुरक्षा निधि के रूप में जमा किया था।

### प्रतिबंधित टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो लड़कों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीला टेबलेट 180 नग नाइट्राजेपम तथा नाइट्रोसन के साथ गिरफ्तार किया है। नशीला टेबलेट के साथ पुलिस ने डीडीनगर स्थित डोमन उर्फ दादू साहू तथा ईदगाह भाठा निवासी मोहम्मद अजहर को गिरफ्तार किया है। पंकज गार्डन के पास पुलिस ने दोनों लड़कों के थैले की तलाशी ली, तो थैले में प्रतिबंधित टेबलेट मिले।

### डेकोर गोडाउन में चोरी

**रायपुर।** होम डेकोरेशन का काम करने वाले एक कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ नकदी 54 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए कीमत के होम डेकोरेशन तथा अन्य सामान चोरी कर ले जाने की टिकरापारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमल विहार सेक्टर-8 ए में सिंघानिया डेकोर गोडाउन के संचालक श्याम सिंघानिया ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके गोडाउन से 18 से 20 जनवरी की दरमियानी रात गोडाउन का ताला तोड़ नकदी तथा सामान चोरी कर ले गया।



### ऑनलाइन टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक निजी कंपनी के अकाउंटेंट ने अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन टास्क पूरा करने का झांसा देकर साढ़े चार लाख की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-1 निवासी उमेश कुमार दास ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने उसे उसके वाट्सएप में मैसेज भेज टास्क पूरा करने पर घर बैठे कमाई करने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपए की ठगी की है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि टास्क पूरा करने पर जालसाज ने शुरू में उसे पांच सौ रुपए से पांच हजार रुपए तक कमाई दी। इसके बाद लगातार पैसे जमा कराकर वापस रिटर्न नहीं कर ठगी की।

### इस बार 2 हजार 523 केंद्रों में हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षाएं, इनमें से 58 नए

# भयानक शोर, बिल्डिंग 70 साल पुरानी, शिक्षक नहीं, इसलिए 10वीं-12वीं के 12 परीक्षा केंद्र लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि पड़ताल

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2 हजार 477 केंद्रों में दसवीं-बारहवीं के लिए परीक्षाएं आयोजित की थी। लेकिन मौजूदा सत्र में इनमें से 12 केंद्र परीक्षा केंद्र का हिस्सा नहीं रहेंगे। इन 12 स्कूलों को विभिन्न कारणों से परीक्षा केंद्र की सूची से बाहर कर दिया गया है। इन कारणों में परीक्षा केंद्र में अत्यधिक शोरगुल होना, आपस में बातचीत, छात्र संख्या कम होना, शाला भवन का जर्जर होना तथा नकल प्रकरण प्राप्त होने जैसे कारण शामिल हैं। मार्च से प्रारंभ हो रही परीक्षाओं के लिए जहां 12 केंद्रों को बंद किया गया है तो वहीं 85 नए केंद्र भी इस बार बनाए गए हैं। ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### समीक्षा के बाद फैसला

*सभी बिंदुओं और नियमों को देखते हुए समीक्षा पश्चात परीक्षा केंद्रों के लिए फैसला लिया गया है। इस वर्ष 12 केंद्र बंद हुए हैं, जबकि 58 नए स्कूलों को केंद्र के रूप में शामिल किए गए हैं।*

*- पुष्पा साहू, सचिव माशिम*

#### बारहवीं की परीक्षाएं 1 मार्च तथा दसवीं की 2 मार्च से


फाइल फोटो

#### एसपी, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार, जिन परीक्षा केंद्रों को बंद किया गया है, उन पर फैसला कमेटी के निर्णय पश्चात लिया गया है। संबंधित जिले के एसपी, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इसके लिए अनुशंसा की गई थी। बोर्ड परीक्षाओं में पारदर्शिता और गोपनीयता ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### इस बार 4 ट्रांसजेंडर छात्र

**कक्षा दसवीं**

- नियमित छात्र : दसवीं में इस बार 3 लाख 23 हजार 227 विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल हो रहे हैं।
- स्वाध्यायी छात्र : 7 हजार 330 विद्यार्थी प्राइवेट छात्र के रूप में दसवीं की परीक्षा दिलाएंगे।
- बालिकाएं - एक लाख 80 हजार 536
- बालक- एक लाख 50 हजार 17
- ट्रांसजेंडर - 4

**कक्षा बारहवीं**

- नियमित छात्र : बारहवीं में इस बार 2 लाख 34 हजार 294 विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल हो रहे हैं।
- स्वाध्यायी छात्र : 6 हजार 774 विद्यार्थी प्राइवेट छात्र के रूप में बैठेंगे।
- बालिकाएं - एक लाख 38 हजार 336
- बालक- एक लाख 2 हजार 732
- ट्रांसजेंडर - 0

| बंद हुए केंद्र | कारण |
|---|---|
| मराठी हायर सेकंडरी स्कूल, धमतरी | शिक्षकों की संख्या में कमी एवं न्यून दर्ज संख्या |
| डीएवी मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल, दुर्ग | कम छात्र संख्या |
| दयानंद आर्य हायर सेकंडरी स्कूल, दुर्ग | कम छात्र संख्या |
| विवेकानंद विद्यापीठ | कम छात्र संख्या भिलाई |
| सीजी हायर सेकंडरी स्कूल, महासमुंद | संस्था पूर्णतः बंद हो रही है |
| गणपत सिंधी हायर सेकंडरी स्कूल, रायपुर | 70 वर्ष पुराना भवन जर्जर होने की कगार पर |
| शासकीय मीडिल स्कूल, अमोदी | माध्यमिक विद्यालय होने के कारण केंद्र सूची से बाहर |
| नगर पालिका हायर सेकंडरी स्कूल, रायगढ़ | कम छात्र संख्या |
| शासकीय एकलव्य मॉडल रेसीडेंसी हायर सेकंडरी स्कूल, अंतगढ़ | सीबीएसई से संचालित होने कारण |
| केडीएस हायर सेकंडरी स्कूल, जशपुर | केंद्र में शोरगुल, आपस में बातचीत |
| शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल, भुवनेश्वरपुर- | मंडल की परीक्षा समिति द्वारा नकल प्रकरण के कारण फैसला |
| शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, प्रतापपुर- | पीएमश्री योजना में शामिल होने के कारण संस्था अब सीबीएसई के अधीन |

### अब रात में ही ठंडकता

## आसमान साफ होते से गर्माहट का दौर, 32 डिग्री के पार हुआ शहर का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आसमान साफ होने की वजह से भले ही रात के तापमान में गिरावट नहीं हुई है, मगर दिन का पारा तेजी से ऊपर चढ़ने लगा है। धूप की वजह से दिन में गर्माहट महसूस हुई और शहर का तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया। सर्वाधिक तापमान बीजापुर का 34.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।



अनुमान है कि अब दिन में ठंड नहीं पड़ेगी और धीरे-धीरे रात में भी इसकी अवधि सिमटती जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल अब छंटने लगे हैं। अगले चौबीस में घंटे में इसका कोई खास असर तो नहीं होगा, मगर शुक्रवार से न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होगी और यह दौर 26 जनवरी रविवार तक जारी रहेगा। माना जा रहा है कि प्रदेश का न्यूनतम तापमान जो सात डिग्री तक पहुंच चुका है, उसमें तीन से चार डिग्री तक गिरावट होगी। रायपुर में ठंड का कोई बड़ा असर तो नहीं होगा, मगर अंबिकापुर, बलरामपुर में देर तक रहने वाली ठंड असर दिखा सकती है। पिछले चौबीस घंटे में रात का तापमान ज्यादा रहने की वजह से शहर में ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### प्रदेश में दिन का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 32.4 | +4 |
| बिलासपुर | 31.7 | +4 |
| अंबिकापुर | 29.0 | +6 |
| पेंड्रा | 29.2 | +4 |
| जगदलपुर | 33.8 | +4 |
| दुर्ग | 32.0 | +4 |



### नगर व ग्राम निवेश विभाग भेजेगा डिमांड नोट

## आचार संहिता से पहले एक ही दिन में नियमितिकरण के 1500 मामले निपट गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड से अवैध निर्माण नियमितीकरण के लिए प्राप्त 2 हजार से अधिक आवेदन 2 साल से निराकरण के लिए लंबित रहे। इनमें से 1500 प्रकरण को निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले निराकृत कर दिया गया, जबकि 500 से अधिक प्रकरण ऐसे हैं, जो अभी तक विचार के लिए नहीं रखे गये। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी के पास निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग की ओर से हाल ही में 1500 प्रकरण अवैध निर्माण नियमितीकरण के लिए रखे गये।

दरअसल, 2 साल शहर के 70 वार्डों में अवैध निर्माण को नियमित कराने 11 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों के दस्तावेजों की पड़ताल के बाद जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### सबसे ज्यादा आवेदन जोन 10 के वार्डों से

अवैध निर्माण को नियमित कराने सबसे ज्यादा आवेदन जोन 10 के 7 वार्डों से प्राप्त हुए। इनकी संख्या 1 हजार के करीब रही। वहीं महोबाबाजार स्थित जोन 8 से मिले 800 शामिल रहे।

## गरियाबंद में मारे गए नक्सलियों का रायपुर में पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गरियाबंद, कुल्हाड़ीघाट में सुरक्षाबलों तथा नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में मारी गई छह महिला नक्सली सहित 14 नक्सलियों के शव पोस्टमार्टम के लिए रायपुर लाए गए हैं। नक्सलियों के शवों का बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद पोस्टमार्टम शुरू किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार पोस्टमार्टम दूसरे दिन गुरुवार को कंपलीट हो पाएगा। मृत नक्सलियों के शव पुलिस की बख्तरबंद गाड़ी तथा एंबुलेस में बुधवार ▶▶| शेष पेज 13 पर

- लाश में जीपीएस, चिप की जानकारी जुटाने शवों का किया जा रहा एक्सरे



#### इसलिए एक्सरे किया जा रहा

नक्सलियों की मृत बॉडी में किसी भी तरह के फायरिंग में लगी गोली को छोड़ अन्य तरह के धातु, चिप अथवा जीपीएस चिप लगाए तो नहीं गए हैं। इसीलिए शवों का एक्सरे किया जा रहा है। नक्सलियों के शवों का पोस्टमार्टम करने कई तरह की दस्तावेजी प्रक्रिया करने का नियम है। इस वजह से पोस्टमार्टम में देर होने की बात डॉक्टरों ने बताई। प्रक्रिया पूरी करने की वजह से देर शाम तक चार नक्सलियों के ही पोस्टमार्टम हो पाए हैं।

#### अलग लाइट की व्यवस्था की गई

शवों का जल्द से जल्द पोस्टमार्टम हो पाए, इसके लिए मरचुरी में लाइट की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे, इसके लिए अलग से जनरेटर की व्यवस्था की गई है। डॉक्टरों की टीम मृत नक्सलियों का जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कर शव सौंपने की कोशिश में जुटी है। पोस्टमार्टम में शामिल डॉक्टरों के अनुसार जिन चार नक्सलियों के पोस्टमार्टम किए गए हैं, उन सभी की सुरक्षाबल के जवानों की गोली लगने से मौत हुई है।

### राज्य कोटे से पूरा हो चुका मेडिकल कालेज प्रवेश

## एडमिशन ले चुके उम्मीदवार भी एमडी एमएस की संशोधित मेरिट सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहले अथवा दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में पसंदीदा कालेजों में एडमिशन ले चुके कई छात्रों को संशोधित मेरिट लिस्ट में पुनः शामिल कर लिया गया है। एनएमसी द्वारा प्राप्तांकों में की गई कटौती के बाद यह मेरिट लिस्ट तैयार की गई थी। जिन छात्रों ने प्रवेश पूरा किया है, उन्हें स्टेट कोटे की सीट अलॉट की गई थी।



चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सामान्य वर्ग के 15 तथा आरक्षित वर्ग के नीट पीजी में 10 प्रतिशत अंक पाने वालों को भी एमडी-एमएस के मॉपअप राउंड के लिए भी पात्र माना गया है। इस आधार पर विभाग द्वारा नया आवेदन और पुराने अभ्यर्थियों के आधार पर 1085 उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट जारी की थी। इसे तैयार करने की प्रक्रिया में सावधानी नहीं बरतने की शिकायत की जा रही है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में मेडिसिन विभाग में एडमिशन ले चुकी अक्षिता वर्मा को स्टेट पीजी की संशोधित मेरिट लिस्ट में स्थान दिया गया है। इसी तरह सूची ▶▶| शेष पेज 13 पर

### शिफ्टिंग के साथ अब राजस्व से संबंधित सारे काम नर्सिंग हॉस्टल भवन में

# तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग शुरू, चुनाव के बाद टूटेगा पुराना भवन, नई बिल्डिंग के निर्माण में लगेंगे करीब दो वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित तहसील कार्यालय की पुराना नर्सिंग हॉस्टल में शिफ्टिंग शुरू हो गई है। इस शिफ्टिंग के साथ अब राजस्व से संबंधित सारे काम नर्सिंग हॉस्टल भवन में होंगे। इधर तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद पुराना तहसील भवन को तोड़फोड़ से लेकर उसकी जगह नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि शिफ्टिंग में अभी कुछ हफ्ते लग सकते हैं। ऐसे में तहसील भवन को तोड़फोड़ कर नई बिल्डिंग का ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### 11 करोड़ की लागत से बनेगी तहसील की 4 मंजिला नई बिल्डिंग

रायपुर तहसील भवन की जगह 4 मंजिला नई बिल्डिंग का निर्माण होना है। 11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली बिल्डिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति कांग्रेस के शासनकाल में ही मिल चुकी थी। हालांकि सरकार बदलने के बाद वित्त विभाग से दोबारा इस कार्य के लिए स्वीकृति लेनी पड़ी। इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य के लिए ▶▶| शेष पेज 13 पर






#### सर्वसुविधायुक्त बनेगी नई बिल्डिंग

तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त होगी। चार मंजिला इस बिल्डिंग में तहसीलदारों के बैठने के लिए चैंबर से लेकर कोर्ट अलग-अलग होंगे। बिल्डिंग के ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, वहीं तहसीलदारों के कोर्ट से लेकर अन्य विभागीय कर्मचारियों के दफ्तर फर्स्ट फ्लोर से लेकर चौथे फ्लोर तक रहेंगे। बिल्डिंग में लिफ्ट के साथ आम लोगों के बैठने के लिए हॉल, पानी, कर्मचारियों के लिए शौचालय आदि की सुविधाएं भी रहेंगी। इसके अलावा रिकार्ड रूम भी बनेगा, जहां राजस्व संबंधी दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जाएगा।

#### दस्तावेजों की शिफ्टिंग में बरतनी होगी सतर्कता

तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान राजस्व संबंधी दस्तावेजों को शिफ्ट करने के दौरान कर्मचारियों को भी सतर्कता बरतनी होगी। कई बार देखा जाता है कि शिफ्टिंग के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेजों को शिफ्ट करने में लापरवाही बरती जाती है, जिसके कारण कई दस्तावेज गायब हो जाते हैं। इसकी बड़ी वजह शिफ्टिंग के दौरान तहसीलदार कर्मचारियों के साथ नहीं रहते।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## 2004 से पहले ग्राम पंचायत भनपुरी का हिस्सा था यतियतनलाल वार्ड 4

# गंगानगर, कृष्णा नगर बस्ती में भरता था पानी, रात में पंप लेकर पानी निकासी

**वार्ड नंबर 4 यतियतन लाल वार्ड**

कुल मतदाताओं की संख्या : 16,800
पुरुष मतदाता - 8,500
महिला मतदाता - 8,300

पिछले चुनाव में मतदाताओं की संख्या : 12,500, बंजारी माता वार्ड का एक बूथ इस बार वार्ड में जुड़ गया, इस कारण मतदाताओं की संख्या 4,300 बढ़ गई।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यतियतनलाल वार्ड के लोगों का कहना है, पहले गंगानगर, कृष्णानगर बस्ती बारिश के समय जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित रहती थी। तब गली और घरों से गंदा पानी बाहर निकालने रात में पंप लेकर घंटों मशक्कत करते थे। उस समय शंकरनगर में वार्ड का जोन कार्यालय हुआ करता था, हालात ये रहते थे, लोगों को निगम से जुड़ी अपनी छोटी बड़ी समस्याओं के लिए भनपुरी से शंकरनगर की दूरी नापनी पड़ती थी। बाद में लोगों की मांग पर जोन कार्यालय को गुढ़ियारी शिफ्ट किया गया, इसके बाद खमतराई में जोन कार्यालय खुला। वार्ड की तासीर ये है, यहां के मतदाताओं ने 3 बार भाजपा प्रत्याशी को जीत का स्वाद चखाया, वहीं कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी केवल 1 बार इस वार्ड का पार्षद बन पाया। इस बार 15 हजार मतदाता वार्ड में पांचवीं बार अपने पसंद का पार्षद चुनने उत्साहित हैं।



### 50 फीसदी छवि, 50 फीसदी सिंबाल से चुनते हैं पार्षद



वार्ड के युवा मतदाता दुष्यंत कुमार साहू मानते हैं कि पार्षद के चुनाव में प्रत्याशी की छवि और उसका व्यवहार मायने रखता है। उसकी जीत में 50 फीसदी हिस्सा छवि और 50 फीसदी हिस्सा पार्टी सिंबाल का रहता है। इस बार का पार्षद चुनाव टफ रहेगा, क्योंकि प्रत्याशी के पास प्रचार के लिए समय बहुत कम है। यतियतनलाल वार्ड में विकास के कार्य काफी हुये हैं।



### रोड नाली की मरम्मत की जरूरत स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा बढ़ाएं



विजयनगर भनपुरी निवासी जयप्रकाश पांडे का कहना है भनपुरी सहित इस वार्ड के अन्य रहवासी इलाकों में सड़क, नाली की हालत खस्ता हो गई है। इसकी मरम्मत की बहुत जरूरत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के लिए सुविधा बढ़ाई जाना चाहिए। वार्ड में पानी की समस्या को देखते हुए एक और नई पानी टंकी न्यू गोंदवारा में स्टेडियम के पास बनाया जाये। 2004 में पहली बार हुए इस वार्ड के पार्षद चुनाव में भाजपा से भनपुरी निवासी चंद्रकली पांडेय पहली पार्षद बनी। उन्होंने कांग्रेस की प्रत्याशी उमा साहू को हराया। सुनील सोनी उस समय मेयर हुआ करते थे।

### तालाबों की सफाई नहीं, गहरीकरण सौंदर्यीकरण की जरूरत



वार्ड के भनपुरी स्थित दर्री तालाब, गंगानगर का बंधवा तालाब और छठा तालाब की एक अरसे से सफाई नहीं हुई। गहरीकरण, सौंदर्यीकरण की मांग लोग लगातार कर रहे हैं, पर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। दर्री तालाब मुख्य मार्ग में स्थित होने के बाद भी वहां लाइट की व्यवस्था नहीं है, तालाब में गंदगी की भरमार है। बंधवा तालाब का पानी नहाने लायक नहीं रहा। इसमें काई रच गई है। पहले ग्राम पंचायत के समय इन तालाबों के संरक्षण पर बराबर ध्यान दिया जाता था। इसी तरह श्मशानघाट में शेड उखड़ गये हैं, बाउंड्रीवाल को दुरुस्त कराने की जरूरत है।

## 20 वर्षों के बाद बंजारी माता मंदिर वार्ड क्रमांक-5 का हाल

# टैंकर मुक्त पर सुधरी नहीं व्यवस्था तालाबों का सौंदर्यीकरण भी नहीं

**वार्ड नंबर 5 बंजारी माता मंदिर**



नगर निगम रायपुर में शामिल होने से वार्ड क्रमांक 5 बंजारी माता मंदिर में पिछले 20 वर्ष में 50 फीसदी ही बदलाव आया है। वार्ड में कच्ची सड़कों की जगह पक्की सड़कों का निर्माण, घर-घर नल कनेक्शन, बिजली की आपूर्ति से लेकर कुछ सामुदायिक भवनों का निर्माण भी हुआ है। इस वार्ड की सबसे बड़ी पेयजल की समस्या को दूर करने बड़ी पानी टंकी का निर्माण भी कराया गया है, लेकिन इसके बाद भी वार्ड में खराब हो चुकी सड़क, नाली-नालों की सफाई का अभाव बना हुआ है। तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी नहीं हो पाए हैं, जिसके कारण इस वार्ड के नागरिकों का कहना है कि पंचायती राज से निगम में शामिल होने के बाद वार्ड 50 फीसदी ही सुधर पाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि की टीम वार्डों की स्थिति की पड़ताल करने बुधवार को बंजारी माता मंदिर वार्ड पहुंची थी। इस वार्ड का सर्वे करते हुए टीम ने यहां रहने वाले कई लोगों से बातचीत करते हुए वार्ड को निगम में शामिल होने के बाद से अब तक हुए विकास कार्य के साथ व्याप्त समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनके वार्ड में बदलाव तो बहुत आए हैं, लेकिन अभी भी कई समस्याएं बनी हुई हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। लोगों ने कहा कि देखा जाए तो उनके वार्ड में 50 फीसदी ही विकास कार्य हो पाए हैं।



### 20 वर्षों से कांग्रेस से एक ही परिवार का कब्जा

निगम में शामिल होने के बाद से वार्ड में पार्षद पद के लिए चार बार चुनाव हुए हैं। चारों चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा है। इस तरह पिछले 20 वर्ष से इस सीट पर कांग्रेस से एक ही परिवार का कब्जा रहा है।

### मतदाता 16 हजार से ज्यादा

बंजारी मांता मंदिर वार्ड में आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले हैं। इनमें लक्ष्मीनगर, कविलास नगर, रामेश्वर नगर, शिवानंद नगर, बुनियाद नगर, सतनामी पारा, छत्तीसगढ़ चौक, दुर्गानगर आदि शामिल हैं। इस वार्ड में मतदाताओं की संख्या 16 हजार से ज्यादा है।

### निकासी की व्यवस्था नहीं, बंधवा तालाब बना खतरा

निगम में शामिल होने से पहले इस वार्ड के बुनियादी नगर सतनामी पारा में पुराना शासकीय बंधवा तालाब है। यह तालाब लबालब भरा हुआ है। तालाब के चारों ओर लोगों के कच्चे और पक्के मकान बने हुए हैं। करीब 40 कच्चे मकान तालाब से सटे हुए हैं। तालाब के नजदीक रहने वाले रमेश भारती ने बताया कि तालाब के पानी निकासी की समस्या सालों से है। बरसात के दिनों में तालाब ओवर फ्लो होता है, जिसके कारण तालाब के किनारे लगे घरों की चिंता बढ़ जाती है। निकासी नहीं होने के कारण तालाब का पानी घरों की नींव को कमजोर कर रहा है, जिससे कच्चे घर भसक भी सकते हैं, इसलिए पानी निकासी की व्यवस्था जल्द करना चाहिए।

### नई सड़कें बनीं, इनमें कई क्षतिग्रस्त हो चुकीं

कामता वर्मा ने बताया कि पंचायती राज में उनकी वार्ड की कई सड़कें कच्ची थीं, जिसके कारण आवागमन में बहुत परेशानी होती थी। निगम में शामिल होने के बाद उनके वार्ड में सड़कें बन गई हैं, लेकिन कई सड़कें पुरानी होने के साथ जर्जर हो चुकी हैं, वहीं कई सड़कें अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कारण खराब हो गई हैं।

### सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल



रामेश्वर नगर निवासी रंजना ने बताया कि उनके मोहल्ले में नाली-नालों का निर्माण तो किया गया है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। नियमित सफाई नहीं होने से नाली-नाले कई हफ्तों तक जाम रहते हैं, जिसके कारण गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर आ जाता है। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### पीएम आवास योजना से कई लोग वंचित



बुनियाद नगर निवासी हरीश वर्मा ने बताया कि वह कच्चे घर में रहता है, जो जर्जर हो गया है। बरसात में उसका घर कभी भी धसक सकता है। उसने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन दे रखा है, लेकिन अब तक उसे योजना का लाभ मिल नहीं पाया है। उन्होंने बताया कि तालाब के पास ऐसे कई परिवार हैं, जो झोपड़ीनुमा और कच्चे घर में रहते हैं। इन परिवारों को भी अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है। वार्ड में यह भी एक समस्या बनी हुई है।

# पहले दिन नामांकन फार्म खरीदने टूट पड़े प्रत्याशी

## 58 पार्षद एवं 3 मेयर के लिए बिके



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम में मेयर एवं वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। इसी के साथ मेयर और पार्षद पद का चुनाव लड़ने की लोगों में होड़ भी मच चुकी है, जिससे कलेक्टोरेट के नामांकन फार्म बिक्री कक्ष के काउंटरों में पहले दिन से ही मेयर और पार्षद पद के लिए फार्म खरीदने के लिए सुबह 10 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक प्रत्याशियों की भीड़ लगी रही। इस तरह पहले दिन ही 61 फार्म बिक गए। इनमें मेयर के लिए 3 और पार्षद पद के लिए 58 फार्म बिके हैं।

### 61 फार्म से 2 लाख 20 हजार रुपए की कमाई

कलेक्टोरेट में नामांकन फार्म बिक्री के लिए अलग से कक्ष बनाया गया है। इस कक्ष में पार्षद के लिए दो काउंटर एवं एक मेयर और जिला पंचायत सदस्य पद के फार्म दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए फार्म की बिक्री 27 तारीख से शुरू होगी। पार्षद फार्म बिक्री के लिए बनाए गए काउंटरों में एक काउंटर में 1 से 35 वार्ड और दूसरे काउंटर में 36 से 70 वार्ड पार्षद पद के लिए फार्म बेचे जा रहे हैं। पहले दिन अलग-अलग वार्ड से पार्षद पद के लिए कुल 58 फार्म बिके हैं, वहीं मेयर के लिए 3 फार्म की बिक्री हुई है। मेयर पद के लिए सुषमा अग्रवाल, मीना तिवारी एवं राधेश्वरी गायकवाड़ ने फार्म खरीदा है। इस तरह मेयर फार्म से 30 हजार रुपए और पार्षद फार्म के बिक्री से 1 लाख 90 हजार रुपए की आय प्रशासन को हुई है। इस तरह पहले दिन कुल 2 लाख 20 हजार रुपए के फार्म बिके हैं।



### ऑटो- ई-रिक्शा में समर्थकों के साथ पहुंचे कई प्रत्याशी

फार्म खरीदने के लिए कई प्रत्याशी दोपहिया वाहन से तो कई पार्षद प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ ऑटो और ई-रिक्शा में भी सवार होकर पहुंचे थे। इसके कारण कलेक्टोरेट के फार्म वितरण केंद्र के बाहर सुबह से शाम 4 बजे तक गहमागहमी का माहौल रहा। कई समर्थक ऑटो व रिक्शा में बैनर-पोस्टर लगाकर भी पहुंचे थे। इसके कारण कलेक्टोरेट में फार्म वितरण केंद्र के बाहर से लेकर मल्टीलेवल पार्किंग, जिला पंचायत भवन के सामने सामने ऑटो-ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन की कतारें भी लगी रहीं।

### जातिगत प्रमाणपत्र देने पर प्रत्याशी को जमानत राशि में 50 प्रतिशत की छूट

मेयर एवं पार्षद पद के फार्म के साथ जमानत राशि के रूप में ली जाने वाली राशि में महिलाओं के अलावा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके तहत मेयर में पुरूष सामान्य से 20 हजार एवं महिला सामान्य से 10 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। जातिगत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में प्रत्याशी को जमानत राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए सामान्य पुरूष से 5 हजार रुपए एवं सामान्य महिला से ढाई हजार रुपए लिए जा रहे हैं। इसमें में जातिगत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में प्रत्याशी को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

## 26 को चुनाव समिति की बैठक में मिलेगी नामों को मंजूरी

# कांग्रेस लगाएगी ओबीसी पर दांव पांच पूर्व मेयर कर रहे दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 नगर निगम के मेयर के लिए कांग्रेस पिछड़ा वर्ग पर दांव खेल सकती है। जिन दस निगम में चुनाव होना है, वहां पर पांच जगहों पर निवर्तमान मेयर ने दावेदारी की है। कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन के संबंध में फार्मूला तय कर दिया है। जिला अध्यक्षों से प्राप्त नामों को पीसीसी को भेजेगी। चुनाव समिति की अनुसंशा के बाद सूची जारी की जाएगी।

बताया गया है कि 26 जनवरी को कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की अध्यक्षता में होगी। नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के बाद अब नामांकन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी पर अपने प्रत्याशी जल्द तय करने का दबाव है। 28 जनवरी तक नामांकन भरे जाने हैं। कांग्रेस में मेयर के दावेदार नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और पीसीसी अण्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर रहे हैं। इधर आरक्षण तय होने के बाद राजनांदगांव से हेमा देशमुख, अंबिकापुर से डॉ. अजय तिर्की, बिलासपुर से रामशरण यादव, रायगढ़ से जानकी काटजू और चिरमिरी से कंचन जायसवाल ने दावेदारी की है।



### कांग्रेस ने मांगे नाम

कांग्रेस ने जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से मेयर पद के लिए नाम मांगे हैं। पर्यवेक्षकों को प्रभारियों को अपने-अपने नगर निगम और पालिका में महापौर और अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम जिला कांग्रेस के माध्यम से भेजने कहा गया है। 23 तक बंद लिफाफे में संभावित प्रतयाशियों का नाम और पैनल देने कहा गया है। माना जा रहा है कि 24 से चुनाव समिति की बैठक शुरू होगी, जिसमें वार्ड पार्षदों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं 26 को प्रदेश चुनाव समिति महापौर के नामों पर चर्चा कर एक नाम तय करगी।

### कहां से कौन हैं दावेदार

राजधानी में सामान्य महिला होने के बाद कई कांग्रेस नेताओं ने अपनी पत्नियों को चुनाव लड़ाने दावेदारी की है। महिला कांग्रेस के कई दावेदारों ने भी अब मोर्चा खोलते हुए नेताओं के पत्नियों के विरोध में खड़ी हो गई है। ऐसे में कांग्रेस यहां से पिछड़ा कार्ड खेलते हुए पूर्व महापौर किरणमयी नायक को चुनाव में उतार सकती है। वहीं महिला कांगेस कर प्रदेश सचिव अर्पणा संचेती, पूर्व पार्षद नीतू तिवारी, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, वंदना राजपूत, पूर्व पार्षद कविता ग्वालानी, पार्षद निशा यादव, प्रगति बाजपेयी ने दावेदारी की है। बिलासपुर नगर निगम के महापौर रामशरण यादव ने एक बार फिर दावेदारी की है। वहीं यहां से अन्य कई नाम सामने आए हैं। इनमें अमित यादव, लक्की यादव, प्रमोद नायक ने भी दावेदारी की है। वहीं राजनांदगांव नगर निगम महापौर हेमा देशमुख के स्थान पर नए चेहरे का मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। यहां से जीतेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी और तथागत पांडेय प्रमुख दावेदार हैं। दुर्ग नगर निगम से महापौर रह चुकी प्रेमलता साहू के अलावा कल्पना देशमुख, जमुना साहू, रामकली यादव दावेदारी कर रही हैं। कोरबा नगर निगम के लिए पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल और उषा तिवारी महापौर पर के लिए दावेदार हैं। चिरमिरी नगर निगम के लिए कंचन जायसवाल और डमरू रेड्डी ने दावेदारी की है। जगदलपुर निगम निगम के लिए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की पसंद का प्रत्याशी तय किए जाने की संभावना है। अंबिकापुर में डॉ. अजय तिर्की सबसे बड़े दावेदार हैं। यहां पर टीएस के पसंद को तव्वजों दी जा सकती है। रायगढ़ से जानकी काटजू ने दावेदारी की है।

# गणतंत्र दिवस तक डेढ़ सौ जन औषधि केंद्र जरूरी दवाओं का रहेगा 90 फीसदी स्टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मरीजों को मिलेगी 70 से 90 फीसदी सस्ती दवाएं, छवि भी सुधारने की कोशिश

प्रदेश तालाबंदी की स्थिति में आ चुके प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को पुनः सक्रिय करने का प्रयास जोरों से जारी है। विभागीय मदद से गणतंत्र दिवस तक इनकी संख्या डेढ़ सौ करने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। 70 से 90 फीसदी तक सस्ती दवा वाले इन केंद्रों में 90 फीसदी स्टॉक रहने के दावे किए जा रहे हैं।मरीजों को सस्ते में जरूरी दवा उपलब्ध कराने के लिए तमाम स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कालेज में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए विभागीय स्तर पर मदद की जा रही है। संख्या लगातार कम होने की वजह से बिगड़ चुकी जन औषधि केंद्रों की छवि को भी सुधारने का भी प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान में जेनेरिक दवाओं वाले जन औषधि केंद्रों की संख्या सवा सौ के करीब हो चुकी है और अगले सात दिनों के भीतर संख्या डेढ़ सौ से अधिक हो जाएगी। इस बार निजी सरकारी सेक्टरों के साथ सहकारी संस्थाओं के माध्यम से भी जेनेरिक दवाओं वाले जन औषधि केंद्र खोले जा रह है। राजधानी रायपुर समेत जिले में जन औषधि केंद्रों की संख्या 18 है जिसे वित्तीय वर्ष समाप्त होने तक 25 किए जाने की तैयारी की जा रही है। सरकारी स्तर पर नजर अंदाज किए जाने के कारण यहां आवश्यक दवाओं की उपलब्धता में भी कटौती हो गई थी। अब सूची में शामिल करीब डेढ़ हजार दवाओं में 90 फीसदी की उपलब्धता यहां किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। 00 जरूरी दवाएं हर केंद्रों मेंदावा किया जा रहा है कि बीपी-शुगर, गैसट्रिक सहित विभिन्न तरह के इंसुलिन के साथ अन्य तरह की आवश्यक दवाओं का स्टॉक हर जन औषधि केंद्रों में हर वक्त मौजूद रहेगा। इसके साथ ही अन्य सर्जिकल सामग्रियों की उपलब्धता भी यहां बनाए रखने के दावे किए जा रहे है। किसी तरह की जरूरी दवा की डिमांड पर चौबीस घंटे में उसकी उपलब्धता कराने का सिस्टम बनाया जा रहा है।

## जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा

# जनता क्या चाहती है, उसी से सुझाव ले रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस और भाजपा चुनावी रणनीति के तहत घोषणा पत्र तैयार करने में जुट गई हैं। भाजपा ने घोषणा पत्र तैयार करने के लिए आम जनता से 30 जनवरी तक ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। वहीं कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के सदस्य बैठक कर घोषणा पत्र तैयार करने पर मंथन कर रहे हैं। भाजपा ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को संवाददाताओं से घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा, नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। उन्होंने इसके लिए व्हाटएपस नंबर 9111014400 क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए है, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जो वादे होंगे वो पूरे होंगे- सोनी



घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा, विधानसभा चुनाव की तरह ही निकाय चुनाव में भी हम अपना घोषणा पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार करना चाहते हैं। जनता के सुझाव न केवल हमारी योजनाओं को दिशा देंगे, बल्कि हम यह सुनिश्चित भी करेंगे कि उसे निकायों के विकास के अपने रोडमैप में हम सम्मिलित कर सकें।

### कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। पहली बैठक में समिति ने कई मामलों पर विचार किया। चुनाव में प्रदेश और स्थानीय स्तर पर अलग-अलग घोषणा पत्र तैयार होगा। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि समिति इस पर मंथन कर रही है। नगरीय निकायों में होने वाले कार्य के अलावा जनता को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर यह केंद्रित होगा। बैठक में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, गुरू रूद्र कुमार, अनिला भेड़िया, अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, निगम के महापौर एजाज ढेबर, डॉ. अजय तिर्की, राजकिशोर प्रसाद, नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायक और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 23 जनवरी को जयंती पर नमन किया है। इसी दौराना श्री साय ने कहा कि, नेताजी द्वारा देश के लिए किए गए अतुल्य योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेताजी अपने साहसिक नेतृत्व और देश प्रेम के लिए जाने जाते थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से भरा जीवन आज भी युवाओं को देश की सेवा के लिए अथक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है।

## खबर संक्षेप



### भगवान श्री रामलला स्थापना की वर्षगांठ पर निकाली शोभायात्रा

**मंदिर हसौद।** माता कौशल्या मंदिर के पास स्थित ग्राम बहना काड़ी जहां भगवान श्री राम की अयोध्या स्थित राम मंदिर का एक साल पूर्ण होने पर श्री राम भगवान के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया दोपहर को भगवान श्री राम की पूजा पाठ के बाद प्रसादी वितरण भंडारा का आयोजन और शाम को भगवान श्री राम और माता सीता की चलित झांकी का पूजा आरती कर धूमाल के साथ श्री गणेश किया गया जो रामलीला मंडली चौक से होते हुए गुरु घासीदास चौक स्कूल चौक होते हुए पूरे गांव की भ्रमण किया वही चलित झांकी की पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया और श्री राम माता सीता की आशीर्वाद लिए कार्यक्रम के आयोजक नवयुवक समिति बहना काड़ी जिसमें संतोष कनोजे दानी यादव कुलेश्वर यादव सोमनाथ पटेल डीगेश्वर पटेल वीरेंद्र कुर्रे सुरेश चौहान जितेंद्र चौहान सोनशाय पटेल ईश्वरी यादव महेंद्र कन्नौजे समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

किसान में मचा हड़कंप, टोकन जारी करने की मांग, मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

# धान खरीदी बंद होने के 10 दिन पहले से ही किसानों को टोकन मिलना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु अभी 10 दिन बाकी है लेकिन आसन्न 24 जनवरी के बाद की तारीखो के लिये न तो सोसायटी माड्यूल से और न ही आन लाइन टोकन काटा जा सक रहा है। इसे लेकर 24 जनवरी के बाद टोकन मिलने के इंतजार में बैठे किसानों में हड़कंप मचा हुआ है।

किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव अमिताभ जैन को मेल से ज्ञापन भेज अपने शेष बचे धान को बेचने की तैयारी में बैठे किसानों को खरीदी के अंतिम तिथि तक टोकन जारी करने व आन लाइन सिस्टम में टोकन काटते समय गलती की वजह से धान की कम मात्र भरने के कारण अपने धान को न बेच पाने वाले किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करवाने का आग्रह किया है। प्रेषित ज्ञापन में जानकारी दी गई है कि शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि आगामी 31 जनवरी निर्धारित है लेकिन आसन्न 24 जनवरी के बाद की तिथि के लिये टोकन जारी करना बंद हो गया है। इस तिथि के बाद के लिये न तो आन लाइन टोकन कट पा रहा है और न ही सोसायटी माड्यूल से ही टोकन कट रहा है। उपार्जन केन्द्रों के प्रभारियों द्वारा भी इसकी पुष्टि किये जाने की जानकारी देते हुये उन्होंने लिखा है कि इसकी वजह से पात्रताधारी किसानों को धान बेचने 24 जनवरी की बाद की तिथि के लिये टोकन नहीं मिल रहा है जिसके चलते उनमें हड़कंप मचा हुआ है। इसी तरह आनलाइन टोकन काटने वाले किसानों द्वारा टोकन काटते समय गलती की वजह से धान की कम मात्र अंकित किये जाने की वजह से निर्धारित टोकनों के समाप्त हो जाने के बाद भी धान बिक्री हेतु शेष रह जाने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि ऐसे किसानों की सूची किसानों के आग्रह पर सोसायटियों द्वारा कलेक्टर (खाद्य शाखा) को भेजा गया है व प्रक्रिया जारी है। ऐसे किसानों को एक अतिरिक्त टोकन जारी करने की मांग की गयी है ताकि किसान अपनी धान निर्धारित समय–सीमा समाप्त होने तक बेच सके।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत, किया चक्काजाम

**तिल्दा नेवरा।** बुधवार देर शाम तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर ग्राम बिलाड़ी के पास एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 28 पी 1028 जो कि तिल्दा की तरफ से आ रही थी और सिमगा की ओर जा रही थी तभी ग्राम बिलाड़ी निवासी लगभग 5 वर्षीय बालक मयंक यदु सड़क पार कर रहा था और हाईवा वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिए है जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। ।साथ ही घटनास्थल पर भारी संख्या में नेवरा थाना, खरोरा थाना सहित आसपास के थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ एवं तहसीलदार भी उपस्थित है। ग्रामीण उचित मुआवजे की मांग को लेकर तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर घटना स्थल पर ही बच्चे के शव के साथ बैठे हुए है।

## सासाहोली ओवरब्रिज मरम्मत जल्द,ट्रैफिक डीएसपी पहुंचे तिल्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



सासाहोली रेलवे केबिन के पास बने ओवरब्रिज निर्माण के बाद से ही काफी विवादों में रहा है। महज 5 सालों में ही इस ओवरब्रिज की दुर्गती हो गई है, इस ओवरब्रिज पर अब चलना भी दूभर हो गया है। वहीं मंत्री टंकराम वर्मा एवं तिल्दा नेवरा निवासी जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य दीपक शर्मा की पहल पर उक्त ओवरब्रिज की मरम्मत की जाएगी। वैसे तो आदेश विगत 6 जनवरी को ही निकाला जा चुका है, परन्तु ट्रैफिक व्यवस्था एवं रोड डिवाइडर के चक्कर में यह मामला ठंडे बस्ते में चले गया था। इसके बाद दीपक शर्मा ने विशेष रूप से इस मामले पर गंभीर होकर पहल की और आज ट्रैफिक पुलिस के डीएसपी गुरजीत सिंह तिल्दा पहुंचे और उक्त ब्रिज मरम्मत कार्य तक के लिए ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिए, साथ ही किस किस जगह से भारी वाहनों के लिए रोड डिवाइडर करना है। उसका जायजा लिए, साथ ही रेलवे के अधिकारी, नेवरा थाना प्रभारी, मरम्मत कार्य के ठेकेदार के इंजीनियर सहित दीपक शर्मा, दिलीप वर्मा उपस्थित हुए।

### भयानक शोर...

बारहवीं की परीक्षाएं एक मार्च से तथा दसवीं की परीक्षाएं दो मार्च से शुरू हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसके लिए 2 हजार 523 केंद्र बनाए हैं। इन सभी केंद्रों में परीक्षा की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। भवन व प्रसाधन की व्यवस्था, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं इन केंद्रों में दुरस्त की जा रही हैं। जिन 12 केंद्रों को बंद किया गया है, वहां के विद्यार्थियों के लिए समीपस्थ विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। **समीपस्थ केंद्रों में किए गए शिफ्ट** : जिन परीक्षा केंद्रों को बंद किया गया है, वहां पूर्व में जिन विद्यालयों के छात्रों के सेंटर होते थे, उन्हें समीपस्थ केंद्रों में शिफ्ट किया गया है। बंद किए गए केंद्रों के स्थान पर जिन नए सेंटर का चुनाव किया गया है, उनकी जानकारी भी विद्यार्थियों और स्कूलों को दे दी गई है। यथासंभव नजदीक स्कूलों का चयन माशिम द्वारा किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को अधिक समस्या का सामना ना करना पड़े।

### एसपी, कलेक्टर ..

बनी रहे, इसलिए विभिन्न बिंदुओं के आधार पर इन्हें परीक्षा केंद्र सूची से बाहर रखने का फैसला किया गया है। प्रत्येक वर्ष की तरह कलेक्टर और एसपी को सुरक्षा व्यवस्था के लिए खत लिखा गया है। केंद्रों में प्रत्येक वर्ष की तरह विशेष निरीक्षण व्यवस्था भी रहेगी।

## पेज 11 के शेष ...

### आचार संहिता से ...

गठित समिति ने विधानसभा चुनाव से पहले 9 बार बैठक लेकर 6 हजार अवैध निर्माण नियमितीकरण के आवेदनों का निराकरण किया, जबकि 5 हजार आवेदन लंबित रहे। इसके बाद विधानसभा चुनाव से पहले नियमितीकरण समिति की 10वीं बैठक में 3 हजार प्रकरण रखे गये। जिन पर दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र आवेदनों को नियमितीकरण की मंजूरी मिली। सूत्रों के मुताबिक बाकी के 2 हजार प्रकरण में से 1500 प्रकरणों को निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले कमेटी की बैठक बुलाकर नियिमितीकरण के लिए दस्तावेजों की जांच के बाद नियम अनुसार स्वीकृति दी गई।

### आसमान साफ होते ...

ठंडकता कम रही। सुबह धूप तेज रही और अधिकतम पारा सामान्य से चार डिग्री अधिक होने की वजह से गर्मी का अहसास जरूर होता रहा।

### गरियाबंद में मारे ....

सुबह आंबडकर अस्पताल मरचुरी पहुंचे हैं। नक्सलियों का पोस्टमार्टन करने डॉक्टरों की चार टीम बनाई गई है। प्रत्येक टीम में चार डॉक्टर शामिल किए गए हैं। साथ ही पोस्टमार्टम हॉल के अंदर सीएमओ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पोस्टमार्टम हाल की सफाई करने 10 से ज्यादा सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मृत नक्सलियों का पोस्टमार्टम करने के पूर्व उनके शवों का एक्सरे किया जा रहा है।

### एडमिशन ले चुके ....

में शामिल जावेद सिद्धीकी और मयंक चंद्रवंशी दिल्ली तथा नागपुर के मेडिकल कालेज में एडमिशन ले चुके हैं। किरण थोरानी नामक छात्रा ने रायपुर के एक निजी मेडिकल कालेज में अलॉट सीट के आधार पर प्रवेश लिया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि सूची में ऐसे ही उम्मीदवारों का नाम शामिल कर लिया गया है, जो मेडिकल कालेज में जाकर एडमिशन ले चुके हैं। छात्रों और पालकों द्वारा इस कोताही के बारे चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को अवगत कराया है।

### तहसील कार्यालय ...

निर्माण कार्य शुरू होने में एक से दो महीना का समय और लग सकता है। डेढ़ से दो साल में तैयार होने की संभावना तहसील की नई बिल्डिंग का काम शुरू होने में अभी समय है। इसका काम शुरू होने के बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने में करीब डेढ़ से दो साल लगने की संभावना जताई जा रही है।

### 11 करोड़ की लागत ....

पीडब्ल्यूडी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया से लेकर बिल्डिंग की डिजाइन भी तैयार करा ली है। विभाग को नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इंतजार था तो बस तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग का। कार्यालय की शिफ्टिंग का काम अब शुरू हो गया है। यह काम खत्म होते ही विभाग पुराने भवन को तोड़ने की कार्यवाही शुरू करेगा। इसके बाद नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होगा।

# भाजपा-कांग्रेस में टिकट के लिए जद्दोजहद

**तिल्दा-नेवरा।** 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए 22 जनवरी से नामांकन दाखिल प्रारंभ हो गया है। साथ ही नगर पालिका तिल्दा नेवरा में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है, दावेदार सक्रिय होकर टिकट के लिए अपने अपने स्तर पर जुट गए हैं। वहीं अब सबसे ज्यादा जद्दोजहद टिकट के लिए होगा। गलत टिकट वितरण से पार्टियों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। खासकर कांग्रेस के लिए ये बड़ी चिंता का विषय रहेगा। अगर हम पिछले चुनाव की बात करे तो कुल 22 वार्डो में महज 6 वार्डो पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई थी। 13 पर भाजपा, 2 पर जोगी कांग्रेस व 1 वार्ड में कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई थी। पिछले समय पार्षदों द्वारा ही अध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें 6 पार्षद रहते हुए भी नगर पालिका परिषद में कांग्रेस का अध्यक्ष बना। यहां कांग्रेस का परचम लहराया था जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल की महती भूमिका रही और उसके बाद महेश अग्रवाल को जादूगर के नाम से भी नवाजा गया। बीते विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस की पालिका अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गईं, तब से अब तक परिस्थितियां भी बदल गई। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जादूगर महेश अग्रवाल भी अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। वहीं अब बदले हुए समीकरण के बाद पालिका का चुनाव होने जा रहा है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए भी प्रत्यक्ष प्रणाली से मतदान किया जाएगा, जिसमें आम मतदाता पार्षद सहित अध्यक्ष के लिए सीधे मतदान करेंगे।वहीं अध्यक्ष पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है, जिसमें दावेदारों में भाजपा से चंद्रकला वर्मा, सुरेश वर्मा, रवि सेन, सतीश निषाद, मनोज निषाद, डॉ. एलपी साहू आदि के नाम हैं। वहीं कांग्रेस से लक्ष्मीनारायण वर्मा को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। क्योंकि वे लगातार 3 बार के पार्षद है और अलग अलग वार्डो से जीत कर आते रहे हैं। साथ ही वे कांग्रेस के समर्पित व कर्मठ युवा नेता भी है।

## रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में आरंग की जीत



आरंग। रायपुर में अयोजित 7वी सब जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब के 19 खिलाड़ियों ने रायपुर जिले का नेतृत्व किया। बालिका वर्ग में ज्योति यादव, धनेश्वरी साहू, माहेश्वरी यादव, टिकेश्वरी साहू, गुंजन वर्मा, अंकिता केवट, जया केवट, एतेश्वरी पाल, खिलेश्वरी साहू ने रायपुर जिले का नेतृत्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में पवन साहू, श्रेयांश गुप्ता, गगन धुरंधर, सोमेश केवट, अयान अली, रेहान खान, तुषान वर्मा, प्रकाश सोनवानी, गोपी पाल, यश तम्बोली ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।

# कृष्ण सखा सुदामा के चरित ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है।

ग्राम गोढ़ी में चल रही भागवत कथा का समापन बुधवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास प. रामकिंकर द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव–विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं।

सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ती- श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा उम्र 36 वर्ष जाति कुर्मी निवासी ग्राम रायखेड़ा पोस्ट रायखेड़ा थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि, मैं उपरोक्त दर्शित पते पर परिवार निवास करती हूँ।
2. यह कि, मैंने कक्षा 8 वीं तक शिक्षा ग्रहण की हूँ। मेरी जन्म तिथि 12/09/1988 है तथा मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखो में मेरा नाम सीमा पिता राम विशाला दर्ज है तथा मैं अपने विवाह के पूर्व इसी नाम सीमा पिता राम विशाला निवासी ग्राम तरेसर तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) से जानी पहचानी एवं संबोधित की जाती थी।
3. यह कि, मेरा विवाह सीमा के स्थान पर दशोदा नाम परिवर्तन कर सोहन लाल वर्मा आ. तामेश्वर वर्मा निवासी ग्राम रायखेड़ा पोस्ट रायखेड़ा थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) के साथ सन 2008 में संपन्न हुआ है। इस कारण विवाह पश्चात मेरे नाम में परिवर्तन हो गया है तथा मेरा नाम सीमा पिता राम विशाला के स्थान पर श्रीमती दशोदा वर्मा पति सोहन लाल वर्मा हो गया है तथा मेरे आधार कार्ड नंबर 3285 1892 7884, मेरे बैंक खाता व राशन कार्ड में मेरा नाम श्रीमती दशोदा वर्मा पति सोहन लाल वर्मा दर्ज है।
4. यह कि मेरे नाम सीमा के स्थान पर दशोदा मात्र विवाह के अवसर के लिये अर्थात स्व. सोहन लाल वर्मा से विवाह करने मात्र के लिये पुरोहित/ पंडित द्वारा बताये जाने पर मेरा विवाह दशोदा के नाम से नाम परिवर्तन कर विवाह संपन्न किया गया था।
5. यह कि, मेरा सही एवं वास्तविक नाम श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा है तथा मैं अपने इसी नाम श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा को अपने आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड में भी दर्ज करवाना चाहती हूँ। मैंने किसी तथ्य को नहीं छिपाया है। मेरा पूरा एवं वास्तविक नाम श्रीमती दशोदा पति स्व. सोहन लाल वर्मा के स्थान पर परिवर्तन कर श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा समस्त अभिलेखों में दर्ज किये जाने एवं इसी नाम श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा के नाम से जाना पहचाना जावे, जिस संबंध में छत्तीसगढ़ शासकीय गजट में प्रकाशन के माध्यम से नाम परिवर्तन किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है। शपथकर्ती

-: सत्यापन :-

मैं श्रीमती सीमा वर्मा पति स्व. सोहन लाल वर्मा उम्र 36 वर्ष जाति कुर्मी निवासी ग्राम रायखेड़ा पोस्ट रायखेड़ा थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कुल कंडिका क्रमांक 01 से लेकर 05 तक में किये अभिकथन मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास से सही एवं सत्य है, जिसे मैंने पढ़, समझ एवं स्वीकार कर मुकाम तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) में आज दिनांक /01/2025 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। स्थानः- तिल्दा (छ.ग.)
दिनांकः- /01/2025
सीमा वर्मा
शपथकर्ती

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**( पीठासीन निरंजन लाल चौहान )**

प्रकरण क्रमांक 789ए / 24
आदेश दिनांक 17/01/25
पेशी तारीख 10/03/25
प्रोसेस क्रमांक - 86/2005

गुरविन सिंह गंभीर उम्र 37 वर्ष पिता महेन्द्र सिंह गंभीर, निवासी मकान नं. 142, भातखण्डे संगीत विद्यालय के पास, दयालबंद टिकरापारा, बिलासपुर, थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर (छ.ग.)........बनाम श्रीमती संदीप कौर उम्र 35 वर्ष पति गुरविन सिंह गंभीर, द्वारा पिता हरजीत सिंह भल्ला, निवासी तेलीबांधा, श्याम नगर, गुरूद्वारा के पीछे, रायपुर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) ...अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक गुरविन सिंह गंभीर ने अनावेदिका के विरूद्ध धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम बाबत पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 10/03/2025 को है।

अनावेदिका श्रीमती संदीप कौर उम्र 35 वर्ष पति गुरविन सिंह गंभीर, द्वारा पिता हरजीत सिंह भल्ला, निवासी तेलीबांधा, श्याम नगर, गुरूद्वारा के पीछे, रायपुर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन की नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण की पेशी दिनांक 10/03/2025 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 10/03/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 22/01/2025, स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

(निरंजन लाल चौहान)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी शिवराज पिता दशरू काश्तकार ग्राम जामगांव तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जामगांव, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. पिपरौद, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 712/1, 712/2 रकबा क्रमशः 0.160 हे., 0.150 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिये है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेगा।

स्थान - अभनपुर
दिनांक - 21/01/2025 भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा अधिवक्ता
कार्यालय पताः- सिन्हा कम्प्यूटर्स
तहसील आफिस के सामने अभनपुर
जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9893906809

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

दिनांक 16.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोतीलाल विश्वकर्मा पिता/पति कुलेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा निवासी धनेली की ग्राम धनेली प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 177/1, 177/3 रकबा 0.0620 हे., 0.0620 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./ तह/ 2025 आदेश दिनांक 15.01.2025 के परिपालन में दिनांक 29.01.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प ह न. 104, रा. नि. म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/8 का कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुख्त्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, यह कि विक्रेता पक्ष श्री अतुल श्रीवास्तव पिता औंकार कृष्णा श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का भूखण्ड जो कि डूमरतालाब प. ह. न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/8 का कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफीट है।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प.ह.न. 104, रा.नि.म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 का कुल क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुखत्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, यह कि विक्रेता पक्ष मनीष श्रीवास्तव पति अतुल श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का तथा पंजीयन विक्रय क्रमांक 1 अ/10039 दिनांक 15/12/1992 के द्वारा क्रय किया हुआ भूखण्ड जो कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 का कुल क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट है।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प ह न. 104, रा.नि.म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 टुकड़ा रकबा 0.44 डि./0.177 हे . अर्थात 19000 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में ।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुख्त्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, विक्रेता श्रीमती ममता श्रीवास्तव पति औंकार कृष्ण श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का तथा पंजीयन विक्रय पत्र क्रमांक 1 अ /1740 दिनांक 27/04/1992 के द्वारा क्रय किया हुआ भूखण्ड जो ग्राम डूमरतालाब प. ह. न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 टुकड़ा रकबा 0.44 डि./0.177 हे. अर्थात 19000 वर्गफीट है ।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**मूल दस्तावेज गुम होने की सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार (श्रीमती यामिनी जैन पति श्री वर्धमान जैन व श्री वर्धमान जैन पिता श्री अशोक जैन दोनो निवासी विकास स्टोर्स जवाहर चौक जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम नकटी प.ह.नं 112 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं 438/2 भूमि का रकबा 0.095 हे., व 427/27 (शामिल नं. 434/16, 435/17, 436/20 का भाग) रकबा 0.065हे, भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को मैं श्रीमती यामिनी जैन पति श्री वर्धमान जैन व श्री वर्धमान जैन पिता श्री अशोक जैन) ने संजीव अग्रवाल व अन्य से दिनांक 04/01/2014 को विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है। उक्त वर्णित भूमि की मूल दस्तावेज हम श्री गौतमचंद जैन निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर के घर कुछ पारिवारीक कार्य से गये थे वहाँ से निकलकर सुराना गिफ्ट गैलेरी टैगोर नगर की ओर जाते समय कही गुम हो गया है। बहुत खोजने पर भी हमे हमारे मूल दस्तावेज नही रहे है। इसलिए, उक्त दस्तावेज के गुम होने की रिपोर्ट संबंधित थाना प्रभारी के यहां पृथक से कर दी है तथा यह सूचना प्रकाशन की आवश्यकता हुई हैं।

अतः उक्त दस्तावेज यदि किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को प्राप्त को या उसके आधिपत्य मे अन्यथा हो तो हमारे नीचे लिखे पते पर प्रेषित करें या मो.नं. पर सूचित करने का कष्ट करें उक्त दस्तावेज की द्वितीय प्रति साक्ष्य अधिनियम के प्रवाधान के तहत द्वितीय दस्तावेज के रूप में मान्य होगी। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. (सिद्धार्थ डागा)
दिनांक 21.01.2025 अधिवक्ता
डी-2 ग्राउण्ड फ्लोर बजरंग मार्केट,
तहसील आफिस के सामने, पुराना
आर.डी.ए. बिल्डिंग जी.ई.रोड रायपुर
तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ,
मो.नं. 98269-02911

**आम सूचना**

ग्राम खरखराडीह प.ह.न 03 रा.नि.म. तोरला तहसील गोबरानवापारा जिला रायपुर एवं ग्राम भिलाई पहन 35 रानिम भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खरखराडीह प.ह.न. 03 रा.नि.म. तोरला तहसील गोबरानवापारा जिला रायपुर में भूमि खसरा नं 225/2 रकबा 0.22 हे, 226/2 रकबा 0.26 हे., 226/3 रकबा 0.44 हे., 227/2 रकबा 0.17 हे., 236/2 रकबा 0.09 हे, 236/3 रकबा 0.09 हे., 239/2 रकबा 0.21 हे. एवं 248/2 रकबा 0.34 हे., कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 1.82 हे, एवं ग्राम भिलाई पहन 35 रा.नि.म. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) मे भूमि खसरा न. 1638 रकबा 0.13, 1640 रकबा 0.33 हे., 1765/3 रकबा 0.54 हे. एवं 2214/2 रकबा 0.31 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.31 हे जो कि वर्तमान राजस्व अभिलेखों के श्री कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. दाउ राम साहू निवासी ग्राम गनौद तहसील आरंग जिला रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज होकर चला आ रहा है। उक्त भूमि संपत्ति पैतृक संपत्ति होकर उक्त संपत्ति में स्व. दाउराम साहू के मृत्यु उपरांत वारिसान हक में प्राप्त हुआ है इस लिए उक्त संपत्ति में हिन्दु विधि के अनुसार सभी वारिसान का संपार्श्विक हक हिस्सा निहित है। यद्यपि उक्त संपत्ति एकल नाम पर दर्ज है किंतु उक्त संपत्ति पर सभी उत्तराधिकारियों का निहित हक हिस्सा है और श्री कृष्ण कुमार साहू को अकेले विक्रय किए जाने का कोई विधिक अधिकार नहीं है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरवर्णित संपति के संबंध में कोई भी व्यक्ति विक्रेता/भूमि स्वामी से किसी प्रकार की विक्रय अथवा अन्यथा अंतरण के संबंध में कोई संव्यवहार ना करे, ऐसे संव्यवहार से किसी प्रकार का कोई हक, स्वत्व प्राप्त नहीं होगा और पश्चातवर्ती परिणाम के जिम्मेदार स्वयं होंगे तथा ऐसे संव्यवहार से नवीन क्रेता को किसी प्रकार हक आधिपत्व व स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा। तदनुसार सूचना जानें।

रायपुर भवदीय
दिनांक 22 जनवरी 2025 महेशमणी साहू अधिवक्ता
एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा
पण्डरी रायपुर (छ.ग.), मो. 9425216457

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ.के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## ऋचा शर्मा ने नशा मुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर जिले की प्रभारी सचिव एवं अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने बुधवार को शंकर नगर स्थित नशा मुक्ति केन्द्र संकल्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती उपचार्थी से मुलाकात की और कहा कि अपनी ईच्छा शक्ति की सहायता से नशा को अवश्य छोड़े। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और उसके साथ परिवार के सदस्य भी परेशान होते है। इस दौरान उन्होंने यहां उपचार्थियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। इस अवसर पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह, एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

**निधन**

### सुधा राजवैद्य



**रायपुर।** आम्रपाली सोसाइटी निवासी सुधा राजवैद्य का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जनवरी को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अनुपम राजीव राजवैद्य, अनुमोद राजवैद्य व अभिलाषा यदु की माता थीं।

### प्रिया चावला



**रायपुर।** संत शदाणी नगर बोरियाकला निवासी प्रिया चावला का 22 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से शदाणी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बलदेव चावला की पत्नी और मांडवी, पार्वती चावला की माता थीं।

# 400 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट, अब तक वसूली 145 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ इस बार महज 36 फीसदी हो पाई है टैक्स वसूली

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजस्व महकमे को इस बार 10 जोन के 70 वार्डों से 400 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। महकमे ने अब तक 145 करोड़ की राजस्व वसूली कर ली है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का महज 36 फीसदी है। इस वसूली में 60 करोड़ का राजस्व करदाताओं ने ऑनलाइन प्रापर्टी टैक्स का भुगतान किया है। राजस्व वसूली की धीमी रफ्तार को लेकर विभाग के अफसरों का कहना है, जनवरी फरवरी में राजस्व वसूली का खास समय रहता है, पर इस बार निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से टैक्स वसूली पर असर पड़ा है। ऐसे में अब करदाताओं की सुविधा के लिए जोन स्तर पर राजस्व वसूली शिविर लगाया जा रहा है।

नगरीय निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता ने नगर निगम के राजस्व महकमे के टैक्स वसूली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। राजस्व महकमे की हालात ऐसे हैं कि न तो वह इन दिनों बड़े बकायादारों को डिमांड नोट नहीं भेज सकता। न ही संबंधित करदाता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इस तरह के मैसेज बकाया टैक्स वसूली को लेकर भेजा जा सकता है। घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बकाया राजस्व वसूलने भी निगम की टीम नहीं जा सकती।

## चुनाव आचार संहिता से धीमी पड़ी राजस्व वसूली की रफ्तार




### अलग-अलग माध्यमों से करदाता को टैक्स भुगतान की सुविधा

करदाताओं को नगर निगम घर बैठे सीधे ऑनलाइन माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। निगम के मोर रायपुर एप से कोई भी करदाता घर बैठे ऑनाइन कर भुगतान कर सकता है। इसी तरह व्हाट्सअप चैटबोट के माध्यम से भी यह सुविधा प्रदान की गई है। करदाता यदि चाहे तो निगम द्वारा शहर में अधिकृत 72 च्वाइस सेंटरों से बकाया करों का मिनटों में भुगतान कर सकता है। करदाता अपने नजदीकी च्वाइस सेंटर से इस सुविधा का लाभ उठा सकता है। इस सुविधा के एवज में उसे प्रति ट्रांसफर 30 रुपये सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके अलावा संबंधित जोन दफ्तरों में जाकर पॉश मशीन से बकाया कर राशि कैश अथवा चेक के माध्यम से भुगतान कर सकता है।

# अवैध संबंध में ब्लैकमेल बनी हत्या की वजह मर्डर के बाद मृतका की बेटी से किया रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ धरसींवा, खमतराई दोहरे हत्याकांड की गुत्थी ऑटो की पहचान के बाद सुलझी

खमतराई तथा धरसींवा थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर तथा एक जनवरी की दरमियानी रात मां-बेटी के दोहरे हत्याकांड की गुत्थी आखिरकर पुलिस ने सुलझा ली है। महिला तथा उसकी नाबालिग बेटी की हत्या के आरोप में पुलिस ने शिवानंदनगर निवासी भरत दास दीवान तथा उसकी महिला साथी अनिता लहरे को गिरफ्तार किया है। भरत, अनिता के साथ पांच साल से ज्यादा समय से लिव इन में रह रहा है। हत्या अवैध संबंध तथा ब्लैक मेलिंग की वजह से की गई है।

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि भरत का हमीदा बी के साथ लंबे अरसे से अवैध संबंध था। भरत मूल रूप से सक्ती, डभरा का रहने वाला है। वह करीब एक दशक पूर्व से रायपुर में रहकर मजदूरी का कार्य कर रहा है। भरत पूर्व में मृतका के घर के पास ही रहता था। इसके चलते उसका हमीदा के साथ अवैध संबंध स्थापित हो गया। इसके बाद भरत शिवानंदनगर में किराए का मकान लेकर रहने लगा। इस दौरान मजदूरी करते हुए भरत अनिता के संपर्क में आया। अनिता के संपर्क में आने के बाद भरत उसके साथ लिव इन में रहने लगा। इस दौरान भरत का हमीदा के साथ भी संबंध रहा।

### खर्च उठाने के साथ घर बैठने की धमकी

पूछताछ में भरत ने पुलिस को बताया कि वह अनिता के साथ लिव इन में रह रहा है, इसकी जानकारी मिलने पर हमीदा ने भरत से उसका तथा उसकी बेटी का खर्च उठाने पैसों की मांग करने लगी। पैसा नहीं देने पर हमीदा ने भरत को चेतावनी देते हुए कहा था कि खर्च नहीं देने पर वह उसके घर आकर बैठ जाएगी। पूछताछ में भरत ने पुलिस को बताया कि हमीदा के पैसे मांगे जाने तथा घर आकर बैठने की धमकी देने से वह परेशान हो गया था। इससे उबरने उसने अपनी पार्टनर अनिता को हमीदा द्वारा धमकाए जाने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर हमीदा को मारने की प्लानिंग की।



### पति, पत्नी विहीन थे तीनों

अवैध संबंध तथा लिव इन में फंसे त्रिकोणीय संबंध में शामिल पात्र भरत की पत्नी की मौत हो चुकी है। भरत की पार्टनर अनीता तथा हमीदा के पति की भी पूर्व में मौत हो चुकी है। अनिता की चार तथा हमीदा की एक बेटी थी। संतान अनिता तथा हमीदा के पति की ओर से थी।

### मां-बेटी को ऐसे मारा

अनिता का हमीदा के घर पूर्व से आना-जाना था। इसका फायदा उठाते हुए घटना दिनांक को अनिता, हमीदा के घर पहुंची। वहां से वह प्लानिंग के तहत हमीदा की बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ अपने घर ले गई। बेटी के जाने के बाद भरत हमीदा के घर पहुंचा और उसने हमीदा की चाकू से पहले हाथ की कलाई काटी और उसकी गला दबाकर हत्या की। हमीदा की हत्या करने के बाद भरत अपने घर पहुंचा और उसने घटना की जानकारी अपने पार्टनर को दी। इस दौरान हमीदा की बेटी ने पूरी घटना सुन ली। बेटी को घटना की जानकारी मिलने पर पकड़े जाने के भय से भरत ने मृतका की बेटी की भी गला दबाकर हत्या कर दी।

### मारने के बाद मृतका की बेटी से रेप

पूछताछ में भरत ने पुलिस को बताया कि बच्ची को मारने के बाद उसने अपने पार्टनर को बच्ची की लाश ठिकाने लगाने ले जाने का बहाना कर दूसरे कमरे में लेकर मृत बच्ची की लाश के साथ रेप किया। इसके बाद वह बच्ची को एक चादर में लपेटकर खमतराई ले गया। देर रात सूनसान रास्ते में एक ढाबा के पास सूखे नाला में बच्ची की लाश को ठिकाने लगाया।

### पुलिस ने ऐसे दबोचा

मामले की जांच में जुटी पुलिस ने धनेली में 20 दिन तक कैंप कर घटना स्थल के पास रहने वाले लोगों से पूछताछ करने का काम किया। तीन लाख से ज्यादा संदिग्ध मोबाइल नंबरों का एनालिसिस किया। 30 किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पड़ताल के दौरान हमीदा के घर एक ऑटो के नियमित आने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ऑटो के बारे में जानकारी जुटाकर भरत तक पहुंची। पूछताछ के दौरान भरत टूट गया और उसने अपने पार्टनर के साथ मिलकर हमीदा तथा उसकी बेटी की हत्या कबूल की।

# तंत्र-मंत्र से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई निवासी एक महिला ने एक ढोंगी तांत्रिक के खिलाफ नशीली दवा पिलाकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बेमेतरा के ढोंगी तांत्रिक को गिरफ्तार किया है।



ढोंगी ने महिला का रेप करने के बाद उसका वीडियो बनाकर उसे ब्लैक मेल कर चार साल तक प्रताड़ित किया। महिला की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने बेमेतरा निवासी राजेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि वह अपने खराब स्वास्थ्य से परेशान थी। इस वजह से उसने अपने परिचित के कहने पर राजेश से संपर्क किया। राजेश ने महिला को उसकी बीमारी ठीक करने का झांसा देकर वर्ष 2021 में नशीली दवा पिलाकर रेप किया। इस दौरान ढोंगी तांत्रिक ने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद राजेश ने महिला को उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चार साल तक जबरदस्ती की। राजेश की करतूत से परेशान होकर महिला ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## सिंधी समाज के बच्चों के लिए निबंध स्पर्धा 26 को

**रायपुर।** अमर शहीद हेमू कालाणी शहादत दिवस और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत युवा विंग द्वारा श्री झूलेलाल धाम में 26 जनवरी को सिंधी समाज के बच्चों के लिए पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष विकास रूपरेला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश मध्यानी एव बंटी जुमनानी ने बताया कि श्री झूलेलाल धाम में शाम 4 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। इसका विषय भगवान झूलेलाल, संत कंवरराम, शहीद हेमू कालाणी एवं देशभक्ति रहेगा। उन्होंने बताया कि अपने बच्चों को सिंधी समाज, संस्कृति से जुड़ने के लिए इस स्पर्धा में शामिल होने जरूर प्रेरित करें, अग्रिम रजिस्ट्रेशन जरूरी है।

# मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण




**रायपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बुधवार को रेडक्रॉस भवन के सभागृह में मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। जितना अच्छे से आप प्रशिक्षित होंगे उतने अच्छे से आप मतदान कार्य संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को पंचायत के साथ नगरीय निकाय का चुनाव भी संपन्न कराना है। इस तरह सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष ...

### भयानक शोर...

बारहवीं की परीक्षाएं एक मार्च से तथा दसवीं की परीक्षाएं दो मार्च से शुरू हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसके लिए 2 हजार 523 केंद्र बनाए हैं। इन सभी केंद्रों में परीक्षा की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। भवन व प्रसाधान की व्यवस्था, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं इन केंद्रों में दुरस्त की जा रही हैं। जिन 12 केंद्रों को बंद किया गया है, वहां के विद्यार्थियों के लिए समीपस्थ विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। **समीपस्थ केंद्रों में किए गए शिफ्ट** : जिन परीक्षा केंद्रों को बंद किया गया है, वहां पूर्व में जिन विद्यालयों के छात्रों के सेंटर होते थे, उन्हें समीपस्थ केंद्रों में शिफ्ट किया गया है। बंद किए गए केंद्रों के स्थान पर जिन नए सेंटर का चुनाव किया गया है, उनकी जानकारी भी विद्यार्थियों और स्कूलों को दे दी गई है। यथासंभव नजदीक स्कूलों का चयन माशिम द्वारा किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को अधिक समस्या का सामना ना करना पड़े।

### एसपी, कलेक्टर ..

बनी रहे, इसलिए विभिन्न बिंदुओं के आधार पर इन्हें परीक्षा केंद्र सूची से बाहर रखने का फैसला किया गया है। प्रत्येक वर्ष की तरह कलेक्टर और एसपी को सुरक्षा व्यवस्था के लिए खत लिखा गया है। केंद्रों में प्रत्येक वर्ष की तरह विशेष निरीक्षण व्यवस्था भी रहेगी।

### आचार संहिता से ...

गठित समिति ने विधानसभा चुनाव से पहले 9 बार बैठक लेकर 6 हजार अवैध निर्माण नियमितीकरण के आवेदनों का निराकरण किया, जबकि 5 हजार आवेदन लंबित रहे। इसके बाद विधानसभा चुनाव से पहले नियमितीकरण समिति की 10वीं बैठक में 3 हजार प्रकरण रखे गये। जिन पर दस्तावेजों की जांच के बाद पात्र आवेदनों को नियमितीकरण की मंजूरी मिली। सूत्रों के मुताबिक बाकी के 2 हजार प्रकरण में से 1500 प्रकरणों को निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले कमेटी की बैठक बुलाकर नियमितीकरण के लिए दस्तावेजों की जांच के बाद नियम अनुसार स्वीकृति दी गई।

### आसमान साफ होते ...

ठंडकता कम रही। सुबह धूप तेज रही और अधिकतम पारा सामान्य से चार डिग्री अधिक होने की वजह से गर्मी का अहसास जरूर होता रहा।

### गरियाबंद में मारे ....

सुबह आंबडकर अस्पताल मरचुरी पहुंचे हैं। नक्सलियों का पोस्टमार्टन करने डॉक्टरों की चार टीम बनाई गई है। प्रत्येक टीम में चार डॉक्टर शामिल किए गए हैं। साथ ही पोस्टमार्टम हॉल के अंदर सीएमओ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा पोस्टमार्टम हाल की सफाई करने 10 से ज्यादा सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मृत नक्सलियों का पोस्टमार्टम करने के पूर्व उनके शवों का एक्सरे किया जा रहा है।

### एडमिशन ले चुके ....

में शामिल जावेद सिद्धीकी और मयंक चंद्रवंशी दिल्ली तथा नागपुर के मेडिकल कालेज में एडमिशन ले चुके हैं। किरण थोरानी नामक छात्रा ने रायपुर के एक निजी मेडिकल कालेज में अलॉट सीट के आधार पर प्रवेश लिया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि सूची में ऐसे ही उम्मीदवारों का नाम शामिल कर लिया गया है, जो मेडिकल कालेज में जाकर एडमिशन ले चुके हैं। छात्रों और पालकों द्वारा इस कोताही के बारे चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को अवगत कराया है।

### तहसील कार्यालय ...

निर्माण कार्य शुरू होने में एक से दो महीना का समय और लग सकता है। डेढ़ से दो साल में तैयार होने की संभावना तहसील की नई बिल्डिंग का काम शुरू होने में अभी समय है। इसका काम शुरू होने के बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने में करीब डेढ़ से दो साल लगने की संभावना जताई जा रही है।

### 11 करोड़ की लागत ....

पीडब्ल्यूडी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया से लेकर बिल्डिंग की डिजाइन भी तैयार करा ली है। विभाग को नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इंतजार था तो बस तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग का। कार्यालय की शिफ्टिंग का काम अब शुरू हो गया है। यह काम खत्म होते ही विभाग पुराने भवन को तोड़ने की कार्यवाही शुरू करेगा। इसके बाद नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होगा।

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**( पीठासीन निरंजन लाल चौहान )**
प्रकरण क्रमांक 789ए / 24
आदेश दिनांक 17/01/25
पेशी तारीख 10/03/25
प्रोसेस क्रमांक - 86/2005

गुरविन सिंह गंभीर उम्र 37 वर्ष पिता महेन्द्र सिंह गंभीर, निवासी मकान नं. 142, भातखण्डे संगीत विद्यालय के पास, दयालबंद टिकरापारा, बिलासपुर, थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर (छ.ग.)………बनाम श्रीमती संदीप कौर उम्र 35 वर्ष पति गुरविन सिंह गंभीर, द्वारा पिता हरजीत सिंह भल्ला, निवासी तेलीबांधा, श्याम नगर, गुरूद्वारा के पीछे, रायपुर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) …अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक गुरविन सिंह गंभीर ने अनावेदिका के विरूद्ध धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम बाबत पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 10/03/2025 को है।

अनावेदिका श्रीमती संदीप कौर उम्र 35 वर्ष पति गुरविन सिंह गंभीर, द्वारा पिता हरजीत सिंह भल्ला, निवासी तेलीबांधा, श्याम नगर, गुरूद्वारा के पीछे, रायपुर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन की नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण की पेशी दिनांक 10/03/2025 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 10/03/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। दिनांक 22/01/2025, स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

(निरंजन लाल चौहान)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी शिवराज पिता दशरू काश्तकार ग्राम जामगांव तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम जामगांव, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. पिपरौद, तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 712/1, 712/2 रकबा क्रमशः 0.160 हे., 0.150 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिये है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेगा।

स्थान - अभनपुर भवदीय
दिनांक - नरेन्द्र कुमार सिन्हा अधिवक्ता
कार्यालय पताः- सिन्हा कम्प्यूटर्स
तहसील आफिस के सामने अभनपुर
जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9893906809

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

दिनांक 16.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोतीलाल विश्वकर्मा पिता/पति कुलेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा निवासी धनेली की ग्राम धनेली प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 177/1, 177/3 रकबा 0.0620 हे., 0.0620 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./ तह/ 2025 आदेश दिनांक 15.01.2025 के परिपालन में दिनांक 29.01.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 24 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प ह न. 104, रा. नि. म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/8 का कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुख्त्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, यह कि विक्रेता पक्ष श्री अतुल श्रीवास्तव पिता औंकार कृष्णा श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का भूखण्ड जो कि डूमरतालाब प. ह. न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/8 का कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफीट है।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प.ह.न. 104, रा.नि.म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 का कुल क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुखत्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, यह कि विक्रेता पक्ष मनीष श्रीवास्तव पति अतुल श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का तथा पंजीयन विक्रय क्रमांक 1 अ/10039 दिनांक 15/12/1992 के द्वारा क्रय किया हुआ भूखण्ड जो कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 का कुल क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट है।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**:: आम सूचना ::**

वाके मौजा ग्राम डूमरतालाब प ह न. 104, रा.नि.म. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 टुकड़ा रकबा 0.44 डि./0.177 हे . अर्थात 19000 वर्गफीट परिवर्तित भूमि के सम्बन्ध में ।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. खेमुराम साहू निवासी LIG-173, तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता द्वारा आम मुख्त्यार श्री अमित श्रीवास्तव पिता श्री औंकार कृष्ण श्रीवास्तव निवासी 143, MR 2, सन सिटी कॉलोनी, इंदौर (म.प्र.) से उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशी अदा कर विक्रय इकरारनामा को निष्पादित कर दिया है, विक्रेता श्रीमती ममता श्रीवास्तव पति औंकार कृष्ण श्रीवास्तव के स्वामित्व व अधिपत्य का तथा पंजीयन विक्रय पत्र क्रमांक 1 अ /1740 दिनांक 27/04/1992 के द्वारा क्रय किया हुआ भूखण्ड जो ग्राम डूमरतालाब प. ह. न. 104 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा न. 241/5 टुकड़ा रकबा 0.44 डि./0.177 हे. अर्थात 19000 वर्गफीट है ।

अतः उपरोक्त संव्यहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति (यो ), फर्म, संस्था, निगम, साहूकार, बैंक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण या मंडल अथवा शासकीय, अर्ध शासकीय निकाय या प्राइवेट संस्थान को किसी भी प्रकार कि कोई उजर दावा आपत्ति वाद विवाद निहित हित हो तो यह अपने आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजो के मेरे अधोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधी में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेजो के मेरे कार्यालय में प्रतक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने लिखित आपत्ति दर्ज कराये समयावधि बीतने के पश्चात कि गयी आपत्ति अवैध एवं शुन्य समझी जाएंगी तथा मेरे पक्षकार पर लागु एवं बंधनकारी नही होगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कर लिया जावेगा, जो सूचना जाने। रामेश्वर सिन्हा (अधिवक्ता)
पता- एम.डी. 76, फेस-4, कबीरनगर
रायपुर (छ.ग.), मो. 9926287617

**मूल दस्तावेज गुम होने की सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार (श्रीमती यामिनी जैन पति श्री वर्धमान जैन व श्री वर्धमान जैन पिता श्री अशोक जैन दोनो निवासी विकास स्टोर्स जवाहर चौक जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम नकटी प.ह.नं 112 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं 438/2 भूमि का रकबा 0.095 हे., व 427/27 (शामिल नं. 434/16, 435/17, 436/20 का भाग) रकबा 0.065हे, भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि को मैं श्रीमती यामिनी जैन पति श्री वर्धमान जैन व श्री वर्धमान जैन पिता श्री अशोक जैन) ने संजीव अग्रवाल व अन्य से दिनांक 04/01/2014 को विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है। उक्त वर्णित भूमि की मूल दस्तावेज हम श्री गौतमचंद जैन निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर के घर कुछ पारिवारिक कार्य से गये थे वहाँ से निकलकर सुराना गिफ्ट गैलेरी टैगोर नगर की ओर जाते समय कही गुम हो गया है। बहुत खोजने पर भी हमे हमारे मूल दस्तावेज नही रहे है। इसलिए, उक्त दस्तावेज के गुम होने की रिपोर्ट संबंधित थाना प्रभारी के यहां पृथक से कर दी है तथा यह सूचना प्रकाशन की आवश्यकता हुई हैं।

अतः उक्त दस्तावेज यदि किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को प्राप्त को या उसके आधिपत्य मे अन्यथा हो तो हमारे नीचे लिखे पते पर प्रेषित करें या मो.नं. पर सूचित करने का कष्ट करें उक्त दस्तावेज की द्वितीय प्रति साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान के तहत द्वितीय दस्तावेज के रूप में मान्य होगी। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. (सिद्धार्थ डागा)
दिनांक 21.01.2025 अधिवक्ता
डी-2 ग्राउण्ड फ्लोर बजरंग मार्केट,
तहसील आफिस के सामने, पुराना
आर.डी.ए. बिल्डिंग जी.ई.रोड रायपुर
तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ,
मो.नं. 98269-02911

**आम सूचना**

ग्राम खरखराडीह प.ह.न 03 रा.नि.म. तोरला तहसील गोबरानवापारा जिला रायपुर एवं ग्राम भिलाई पहन 35 रानिम भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खरखराडीह प.ह.न. 03 रा.नि.म. तोरला तहसील गोबरानवापारा जिला रायपुर में भूमि खसरा नं 225/2 रकबा 0.22 हे, 226/2 रकबा 0.26 हे., 226/3 रकबा 0.44 हे., 227/2 रकबा 0.17 हे., 236/2 रकबा 0.09 हे, 236/3 रकबा 0.09 हे., 239/2 रकबा 0.21 हे. एवं 248/2 रकबा 0.34 हे., कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 1.82 हे, एवं ग्राम भिलाई पहन 35 रा.नि.म. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) मे भूमि खसरा न. 1638 रकबा 0.13, 1640 रकबा 0.33 हे., 1765/3 रकबा 0.54 हे. एवं 2214/2 रकबा 0.31 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.31 हे जो कि वर्तमान राजस्व अभिलेखों के श्री कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. दाउ राम साहू निवासी ग्राम गनौद तहसील आरंग जिला रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज होकर चला आ रहा है। उक्त भूमि संपत्ति पैतृक संपत्ति होकर उक्त संपत्ति में स्व. दाउराम साहू के मृत्यु उपरांत वारिसान हक में प्राप्त हुआ है इस लिए, उक्त संपत्ति में हिन्दु विधि के अनुसार सभी वारिसान का संपार्श्विक हक हिस्सा निहित है। यद्यपि उक्त संपत्ति एकल नाम पर दर्ज है किंतु उक्त संपत्ति पर सभी उत्तराधिकारियों का निहित हक हिस्सा है और श्री कृष्ण कुमार साहू को अकेले विक्रय किए जाने का कोई विधिक अधिकार नहीं है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरवर्णित संपत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति विक्रेता/भूमि स्वामी से किसी प्रकार की विक्रय अथवा अन्यथा अंतरण के संबंध में कोई संव्यवहार ना करे, ऐसे संव्यवहार से किसी प्रकार का कोई हक, स्वत्व प्राप्त नहीं होगा और पश्चातवर्ती परिणाम के जिम्मेदार स्वयं होंगे तथा ऐसे संव्यवहार से नवीन क्रेता को किसी प्रकार हक आधिपत्य व स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा। तदनुसार सूचना जानें।

रायपुर भवदीय
दिनांक 22 जनवरी 2025 महेशमणी साहू अधिवक्ता
एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा
पण्डरी रायपुर (छ.ग.), मो. 9425216457

**Health Town**

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### टिकरापारा में आज से श्री शिव महापुराण कथा

**रायपुर।** नारी शक्ति स्व सहायता समूह द्वारा छुईहा तालाब, मौलीमाता मंदिर के पास टिकरापारा रायपुर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा आज से प्रारंभ हुई जो 28 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से आयोजित होगी। आयोजन के प्रथम दिन कलश यात्र निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा वाचक पं. प्रेम किशोर शर्मा द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथा प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी नारी शक्ति स्व सहायता समूह की शैलेन्द्री यादव अध्यक्ष, उषा साहू सचिव, गौरी यादव एवं समस्त मोहल्लेवालों के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाया ईसीसीई दिवस



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ और सहयोगी संस्था एडुवीव फाउंडेशन ने जिले में चलाई जा रही 'गढ़बो बचपन' प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई दिवस कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम पालकों को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़कर बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बच्चों को घर पर गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

**रायपुर।** नशीला पदार्थ खिलाकर एक महिला से दुष्कर्म कर उसका अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज कराई गई है। भनपुरी निवासी 39 वर्षीय प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी राजकुमार त्रिपाठी 55 वर्ष ने प्रार्थिया को प्रसाद खिलाकर बेहोश कर दिया था। उसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया और इसी विडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने इस मामले में धारा 376, 384, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### मकान से 95 हजार कीमत के जेवर चोरी

**रायपुर।** शहर के हीरापुर वीर सावरकर नगर स्थित एक मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज कराई गई है। घटना 13 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे की है। प्रार्थी जीतेंद्र प्रसाद निवासी हीरापुर वीर सावरकर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके मकान में कोई अज्ञात व्यक्ति प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत 95 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# महाविद्यालयों में अब 'पायथन' लैंग्वेज, बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड की क्लास

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के महाविद्यालयों के छात्र अब स्नातक स्तर की पढ़ाई के साथ ही बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड अर्थात अभिक्षमता से संबंधित कक्षाओं का हिस्सा होंगे। इसका फायदा उन्हें यह होगा कि ग्रेज्यूशन पूर्ण करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के दौरान उन्हें अतिरिक्त रूप से इनकी कक्षाएं नहीं लेनी पड़ेंगी। बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड संबंधित सवाल पीएससी, यूपीएससी, एसएससी सहित लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं और नेट, स्लेट, टीईटी आदि का हिस्सा होते हैं। सामान्य तौर पर विज्ञान-गणित समूह के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इसमें अच्छा होता है, लेकिन कला और वाणिज्य संकाय के छात्र इसमें पीछे रह जाते हैं, इसलिए इन संकाय के विद्यार्थियों के लिए भी बेसिक लॉजिक और एप्टीट्यूड की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स का अध्यापन कराया जाना है। प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर में छात्रों को वैल्यू एडेड कोर्स का अध्यापन कराया जाएगा। जबकि द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर में स्किल इनहैंसमेंट कोर्स पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा। इसके अंतर्गत ही भिन्न-भिन्न महाविद्यालय अपने छात्रों की रुचि के अनुसार इन पाठ्यक्रमों का चयन करते हुए अध्यापन करा रहे हैं।

- स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत कराया जा रहा अध्यापन
- नैक ने कई महाविद्यालयों को दी थी नए पाठ्यक्रम संचालित करने की नसीहत



फाइल फोटो

**प्रतियोगी परीक्षाओं के आधार पर चयन**

स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स में छात्र उन विषयों का चयन कर रहे हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक हो। आईटी सेक्टर भी ट्रेंड में है।
- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

**उपयोगी चीजों को प्राथमिकता**

स्किल इनहैंसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड कोर्स में हम उन चीजों को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, जो विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो। प्रत्येक सेमेस्टर में अलग-अलग विषयों का चुनाव किया जा रहा है।
- **डॉ.प्रीति मिश्रा**, प्राचार्य, राधाबाई कन्या महाविद्यालय

### ग्रेडिंग सुधारने में मिलेगी मदद

शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 में राजधानी के आधा दर्जन से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की ग्रेडिंग नैक टीम द्वारा की गई। इस दौरान नैक टीम ने नवीन पाठ्यक्रम शुरू करने की नसीहत महाविद्यालयों को दी थी। इसे भी ध्यान में रखते हुए कॉलेजों द्वारा नवीन पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इससे ग्रेडिंग सुधारने में मदद मिलेगी। इसके अलावा जेनेरिक इलेक्टिव (संकाय से बाहर चुने जाने वाले विषय) के अंतर्गत भी विद्यार्थियों द्वारा समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान जैसे विषयों का चुनाव किया जा रहा है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक हो। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के अंतर्गत आने वाले लेटेक्स और पाइथन जैसे चीजों का अध्ययन भी छात्रों को कराया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इससे कंप्यूटर आधारित रोजगार में छात्रों को सुविधाएं मिलेंगी।

## काम-काज में हो रही दिक्कत, नियम के तहत निजी ऑपरेटर रखा जाना गलत

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा तहसील दफ्तर, 81 पटवारी के लिए एक ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व संबंधी काम कराने के लिए आम लोगों को जिस तरह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उसी तरह पटवारियों को भी काम करने के लिए कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पटवारियों को एक ओर जहां अपने खर्च पर ऑनलाइन कार्य करने पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ऑपरेटर की कमी से भी जूझ रहे हैं।

रायपुर तहसील कार्यालय में पटवारियों के कार्य करने के लिए सिर्फ एक ऑपरेटर नियुक्त है, जबकि तहसील क्षेत्र में पटवारियों की संख्या 81 है। इस तरह अगर सभी पटवारी तहसील में पदस्थ ऑपरेटर से कार्य कराते हैं, तो उन्हें भी आम लोगों की तरह कतार में लगना होगा, लेकिन यह कतार कुछ घंटों का नहीं बल्कि कई हफ्तों का हो सकता है। यहीं कारण है कि पटवारियों को भी अपना कार्य कराने के लिए मजबूरी में निजी ऑपरेटर रखना पड़ रहा है, जिसके एवज में उन्हें बड़ी राशि का भुगतान भी करना पड़ता है।



**शासकीय ऑपरेटर नहीं, इसलिए निजी रखना मजबूरी**

तहसील कार्यालय में सिर्फ एक शासकीय ऑपरेटर पदस्थ है। इसके कारण स्वयं के खर्च पर मजबूरी में निजी ऑपरेटर रखना पड़ता है। ऑनलाइन काम करने के लिए भी इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर सिस्टम, लेपटॉप का अतिरिक्त खर्च का भुगतान में हमें करना पड़ता है, जबकि इसे शासन द्वारा मुहैया कराना चाहिए।
-**कमलेश तिवारी**, अध्यक्ष पटवारी संघ रायपुर

### दोबारा काम कराने 40 दिन बाद लगेगा नंबर

पटवारी अगर तहसील में पदस्थ ऑपरेटर से कार्य कराते हैं तो उनका दूसरी बार नंबर एक से दो महीने बाद ही लगेगा। शहर में 81 पटवारी पदस्थ है। ऐसे में ऑपरेटर अगर एक दिन में एक या दो पटवारी का काम करता है, तो 81 पटवारियों के कार्य करने के लिए 40 दिन से अधिक समय लगेगा। इस तरह पटवारी को दोबारा काम कराना है, तो उसका नंबर 40 दिन के बाद ही लग पाएगा।

### जिले में 263 पटवारी रायपुर में सर्वाधिक

जिले में पटवारियों की संख्या 263 है। सर्वाधिक 81 पटवारी रायपुर में पदस्थ है। इन पटवारियों के कार्य करने के लिए रायपुर तहसील में सिर्फ एक ऑपरेटर पदस्थ है। नियम के तहत पटवारियों को जो भी ऑनलाइन या ऑफलाइन कार्य करना है वह खुद से या फिर इसी ऑपरेटर के माध्यम से कराना है, लेकिन पटवारियों के पास कार्य इतने ज्यादा होते हैं, कि उनके पास खुद से कम्प्यूटर में कार्य करने का समय बहुत कम मिल पाता है। यहीं कारण है कि पटवारी भी अपना कार्य समय पर करने के लिए निजी ऑपरेटर रखते है। शासन के नियम के तहत निजी ऑपरेटर रखा जाना गलत है, क्योंकि पटवारी से संबंधित कार्य व दस्तावेज गोपनीय होते हैं। ऐसे में बाहरी व्यक्ति इसका फायदा भी उठा सकता है। हालांकि पटवारी द्वारा अपने किसी करीबी या विश्वास पात्र को ही ऑपरेटर रखा जाता हैं, जिसके कारण गोपनीयता भंग या दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किए जाने का कोई मामला सामने नहीं आया है।

# जैविक स्ट्रैस प्रबंधन को केंद्रीय कृषि मंत्री ने बारीकी से समझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिवराज सिंह ने की आईसीएआर संस्थान की समीक्षा बैठक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने को रायपुर स्थित आईसीएआर संस्थान, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान, बरौण्डा के कार्यों की समीक्षा की। संस्थान के सभी संयुक्त निदेशक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संस्थान की गतिविधियों और किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल दीक्षित ने संस्थान के गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान कृषि मंत्री ने जैविक स्ट्रैस प्रबंधन के गुणों को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बारीकी से समझा और हिदायत दी कि यह संस्थान छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र आईसीएआर संस्थान है, जिसकी भूमिका राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में किसानों को कीड़े, बीमारियों एवं खरपतवारों से मुक्त फसल उत्पादन कर देश को कृषि के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अग्रणीय बनाना है।

कृषि मंत्री ने अन्य संयुक्त निदेशक डॉ. मंडल, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. डेजी एवं डॉ. रेड्डी से भी संवाद करते हुए संस्थान में किसानों के लिए किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इस दिशा में भविष्य में भी कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में इस संस्थान को बुनियादी अनुसंधान में मील का पत्थर साबित होना है। कृषि मंत्री ने बताया की आईसीएआर संस्थान किसानो के हितों के लिए साढ़े पांच हजार वैज्ञानिकों के साथ कार्य कर रहा है और पिछले दशकों में आईसीएआर कृषि के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया है। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# रेप, छेड़खानी के दो अलग अलग मामलों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पाक्सो फास्ट ट्रैक ने सुनाया फैसला

उरला तथा मुजगहन थाना क्षेत्र में किशोरी को शादी करने का प्रलोभन देकर रेप तथा चार साल की मासूम के साथ छेड़खानी करने के आरोपियों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की फास्ट्र ट्रैक पाक्सो कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार उरला निवासी किशोरी के अपहरण तथा रेप करने के आरोप में कोर्ट ने माता-पिता तथा बेटे के साथ एक अन्य को कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 17 अप्रैल 2018 को किशोरी को शादी करने का झांसा देकर रेप करने के आरोप में रवि कुमार देवांगन को 10 तथा उसके पिता परदेशी, मां सरस्वती देवांगन तथा एक अन्य जितेंद्र को पांच-पांच वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। मुजगनहन में चार साल की मासूम को चाकलेट खिलाने का झांसा देकर खेत में बच्ची के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने के आरोप में कोर्ट ने शिव प्रसाद कोसले को तीन साल कैद की सजा सुनाई है।

### बीवॉक व एमएससी के परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को बीवॉक, एमएससी पर्यावरण विज्ञान और एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बीवॉक की परीक्षा में शामिल 19 में से 18 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा में शामिल सभी 14 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स की परीक्षा में 18 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 17 को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

- डिमांड पर मिल रही हैं टाटा और मारुति की कारें

# सीएनजी पंपों का नेटवर्क अभी छोटा, कम ही बिक रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में भी अब सीएनजी की कारें और अन्य वाहन बिकने प्रारंभ हो गए हैं। लेकिन सीएनजी पंपों का नेटवर्क छोटा होने के कारण ज्यादा वाहन नहीं बिक रहे हैं। रायपुर में एक माह में मुश्किल से एक दर्जन कारें ही बिक रही हैं। पूरे प्रदेश में सभी कंपनियों के वाहन मिलाकर करीब दो दर्जन ही वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश के अन्य शहरों में भी ये वाहन जल्द बिकने लगेंगे। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी आने वाले समय में सीएनजी वाहन ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर दिखने लगेंगे। प्रदेश में सीएनजी के पंपों का नेटवर्क तेजी से बढ़ाने पर काम चल रहा है।

राजधानी रायपुर में अब बीते माह ही दूसरा पंप भी खुल गया है। रायपुर में करीब आधा दर्जन पंप खुलने वाले हैं। इनमें से दो पंप नए साल में खुल जाएंगे। प्रदेश के कई शहरों में अडानी के पंप भी खुल गए हैं। ऐसा होने से प्रदेश में सीएनजी के वाहनों की बिक्री का रास्ता खुल गया है। रायपुर में अब तक मारुति और टाटा के वाहन बिक रहे हैं। जैसे-जैसे डिमांड आ रही है ऑटोमोबाइल कारोबारी वाहन मंगाकर दे रहे हैं।

### मारुति का हर मॉडल सीएनजी

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी मॉडल है। रायपुर में कंपनी के डीलर अनिल अग्रवाल ने बताया उनके यहां हर माह डिमांड पर दो से तीन कारें बिक रही हैं। रायपुर में हर माह करीब एक दर्जन कारें बिक रही हैं। ग्राहकों की डिमांड के हिसाब से उनको मॉडल मंगाकर दे रहे हैं। किसी भी मॉडल के ज्यादा वाहन मंगाकर नहीं रख रहे हैं। टाटा कंपनी के भी रायपुर में वाहन बिक रहे हैं। यहां भी डिमांड पर ही कारें मंगाकर दे रहे हैं। कुछ कंपनी के कमर्शियल वाहन और ऑटो भी बिक रहे हैं।


फाइल फोटो

### सीएनजी में तीन रुपए किमी का खर्च

सीएनजी गैस 90 रुपए के आस-पास एक लीटर है। एक लीटर गैस में वाहन का एवरेज पेट्रोल वाले वाहन से डेढ़ गुना आता है। यानी पेट्रोल वाले वाहन में 20 किलोमीटर का एवरेज है तो सीएनजी में यह 30 किलोमीटर रहता है। ऐसे में पेट्रोल वाले वाहन में पांच रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आता है, जबकि सीएनजी में यह खर्च तीन रुपए लगता है।

### प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप सितंबर में लोधी पारा में खुला था। इसके बाद दिसंबर में आमानाका भी एक पंप खुला है। एक पंप जल्द ही तेलीबांधा में खुलने वाला है। इसी के साथ सेंट्रल जेल के पेट्रोल पंप में भी सीएनजी वाहनों के लिए स्टेशन तैयार हो गया है। यहां भी सीएनजी के वाहनों को गैस मिलने लगेगी। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। अभी रायपुर में उतने ज्यादा वाहन सीएनजी वाले नहीं हैं, लेकिन आने वाला समय इन्हीं वाहनों का है। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है। रायपुर के अलावा इस समय बिलासपुर, राजनांदगांव, कुम्हारी व उतई में सीएनजी पंप अडाणी गैस ने शुरू कर दिए हैं। कोरबा, दुर्ग, भिलाई जैसे अन्य प्रमुख शहरों में भी इसके पंप जल्द खुलने वाले हैं।

### काशीराम नगर के 100 परिवार मठपुरैना पीएम आवास जाएंगे



**रायपुर।** काशीरामनगर आवासीय योजना के जर्जर मकानों में निवास कर रहे 100 भवन स्वामियों को अब सुरक्षित ठिकाना मिलेगा। मठपुरैना के प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में बने मकानों में उन्हें व्यवस्थापित किया जायेगा। इसके लिए मकानों का आवंटन पत्र रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय में वितरित किया।

- जर्जर मकानों में रह रहे परिवारों का जल्द होगा व्यवस्थापन

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित काशीराम नगर के जर्जर मकानों में करीबन 100 परिवार निवास करते हैं। उन्हें व्यवस्थापन के तहत अब काशीराम नगर से मठपुरैना में निर्मित पीएम आवासीय परिसर में स्थित पक्के मकानों में शिफ्ट कराया जायेगा। इन 100 परिवारों को आवंटन पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर जोन 3 के पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद शीतल-कुलदीप बोगा, निगम अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान,अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता योगेश यदु, योगेश कडू उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ इंडिया का आवासीय संपत्तियों के लिए विशेष मेगा ई-नीलामी 27 जनवरी को

BOI Relationship beyond banking

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया ने 27 जनवरी को पूरे भारत में 1300+ आवासीय संपत्तियों के लिए एक विशेष मेगा ई-नीलामी का आयोजन करने की घोषणा की है। इस नीलामी में बैंक अपने स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों की पेशकश करेगा, जो घर खरीदारों के लिए सर्वोत्तम स्थान और आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं। यह ई-नीलामी उन लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर है जो अपने सपनों का घर खरीदने की योजना बना रहे हैं। इच्छुक व्यक्ति या बोलीदाता नीलामी में भाग लेने के लिए बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## रावणभाठा में आयोजित डिज़्नीलैंड मेला में मनोरंजन का शानदार मौका

**रायपुर।** रावणभाठा में चल रहा डिज़्नीलैंड मेला इस समय शहरवासियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन चुका है। 26 जनवरी तक चलने वाला यह मेला रोमांचक झूलों, दुर्लभ मछलियों, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों और स्वादिष्ट व्यंजनों का अद्भुत मिश्रण है। बच्चों और युवाओं के लिए जायंट व्हील, स्क्रीम टॉवर और ड्रैगन झूला जैसे झूले विशेष आकर्षण हैं, वहीं मिनी ट्रेन और मिकी माउस झूला बच्चों के लिए बेहद लोकप्रिय हैं। इसके अलावा, इंटरनेशनल फिश टनल में दुर्लभ मछलियों का दृश्य भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। मेले में हैंडीक्राफ्ट उत्पाद, कश्मीरी साड़ियां, सिल्क परिधान और होम डेकोर जैसी खरीदारी की भी ढेरों संभावनाएं हैं। तकनीकी प्रेमियों के लिए 3-डी और वीआर अनुभव भी पेश किए गए हैं। फूड ज़ोन में विविध व्यंजन परिवार और दोस्तों के साथ आनंद लेने के लिए उपलब्ध हैं। यह मेला हर रोज़ शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता है।



### एसबीएच में महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष चर्चा

**रायपुर।** उषा फाउंडेशन और साईं बाबा हॉस्पिटल के तत्वावधान में महिलाओं के मस्तिष्क, शरीर और आत्मा पर गहन चर्चा के विषय पर एक विशेष मीडिया मीट का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. मिरा बघेल, मधु अरोड़ा, समता अग्रवाल, उर्मी माला और ध्रुती दवे ने सहभागिता की और महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में यह बात सामने आई कि आजकल की महिलाओं की जीवनशैली इतनी व्यस्त हो गई है कि वे अपने स्वास्थ्य की उचित देखभाल नहीं कर पाती हैं। इस समस्या को लेकर उषा फाउंडेशन ने महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

## छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा देने एनआईटी ने शुरु की पहल



**रायपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर पहल के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर में 500 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण के लिए 48.19 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए बुधवार को एआईटी परिसर में एसईसीएल और एनआईटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एसईसीएल से बिलासपुर महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर) आलोक कुमार और एआईटी से निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह प्रस्तावित एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल जी प्लस 3 आरसीसी संरचना (ग्राउंड के साथ 3 मंजिल) के रूप में बनाया जाएगा, जिसे भविष्य में जी प्लस 6 मंजिल तक ऊर्ध्वाधर विस्तार के लिए डिजाइन किया गया है। इस हॉस्टल में बाउंड्रीवॉल और ओवरहेड वॉटर टैंक शामिल होंगे। परियोजना एसईसीएल द्वारा पहली किस्त जारी होने के 36 महीनों के भीतर पूरी होने की उम्मीद है।

### उपराष्ट्रपति ने वर्चुअली रखी हॉस्टल की आधारशिला

एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपमहानिदेशक, कोयला मंत्रालय संतोष, एसईसीएल के निदेशक (पी) बिरांची दास, सीएसआर विभाग के उपप्रबंधक आशीष कुमार डी. सूर्यवंशी व पियूष मिश्रा, मुख्य वार्डन मनोज प्रधान और योजना व विकास के डीन डॉ. एलके यदु आदि उपस्थित रहे। महत्वपूर्ण रूप से एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा वर्चुअली रखी जा चुकी है। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू, एसईसीएल के सीएमडी डॉ. पीएस. मिश्रा और एनआईटी के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

**बुधवार को श्रीराम की आस्था से शहर सराबोर रहा। एक तरफ मंदिरों में श्रीराम का भजन-कीर्तन चल रहा था, वहीं दूसरी ओर युवाओं का दल बाइक रैली के माध्यम से जयघोष करते हुए अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को एक होने पर आयोजन को महोत्सव का रूप देने में लगे थे। दिनभर हवन- पूजन और भंडारे का दौर चला। शाम होते ही दीपों की ओली सजाने में भी भक्तों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। सिया राम जय राम जय-जय राम...राम की जैसे भजनों के साथ नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा भी निकाली गई।**

# राम की आस्था से सराबोर रहा मंदिर, भक्तों ने सजाई दीपों की श्रृंखला, निकाली शोभायात्रा, गूंजा जयघोष

## अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को एक साल होने पर मना उत्सव

**रायपुर।** सैकड़ों भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। चौक-चौराहों और मंदिरों में भव्य आयोजन और श्रृंगार किया गया। इससे शहर के मठपुरैना, पुरानी बस्ती के साथ ही बूढ़ापारा, सदर बाजार, सुंदर नगर, भाठागांव, लाखेनगर, वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में भी उत्सव का माहौल रहा। शाम को लोग दर्शन के लिए परिवार के साथ पहुंचे। इस अवसर पर दूधाधारी मठ, राम जानकी मंदिर, गोपी दास मंदिर और महादेव घाट स्थित राम मंदिर में भव्य आयोजन किया गया है। सुबह ब्रम्ह मुहूर्त में ब्राम्हणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। वहीं, बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी स्थानों में लोगों का उल्लास देखने को मिला। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं ने भी मंदिरों में दीपदान के साथ ही जनहितकारी काम करने का संकल्प भी लिया।

### रामजी की निकली सवारी...

राम भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पुरानी बस्ती क्षेत्र से की गई। इसमें महिलाएं एवं युवतियों ने कलश यात्रा में भागीदारी निभाई। यह यात्रा लगभग 6 किलोमीटर तक चली। ढोल-बाजे की ताल पर राम भजनों की धुन पर भक्त झूमते -नाचते नजर आए। इसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ देखने को मिली। शोभायात्रा के स्वागत में लोगों ने फूलों की वर्षा की। श्रीराम की मूर्ति का पूजन सभी चौक-चौराहों में श्रद्धालु करते नजर आए। महामाई पारा स्थित जय महामाया राम भक्त परिवार द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।



### सात हजार दीपों की श्रृंखला

धर्म जागरण समिति ने भी धूमधाम से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया। बिरगांव में आर्थिक रूप से कमजोर पांच बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली, जो समाज के हर व्यक्ति के बीच मिसाल बनी। इस अवसर को यादगार बनाने की यह जिम्मेदारी ली गई। जिससे समाज के बच्चों का भविष्य संवारने की कोशिश की जा रही। बुधवार को समिति और बिरगांव के लोगों द्वारा सात हजार दीप दान भी किया गया। इसमें मुख्य रूप से देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन, समाजसेवी कमल देवांगन, भीखम देवांगन और बेदराम साहू शामिल हुए।



### सोने-चांदी के मुकुट से सजाया

मठपुरैना स्थित दूधाधारी मठ के पं. रामछवि दास ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर मठ में साज-सज्जा की गई। इस अवसर पर देर शाम तक भक्तों के द्वारा ढोल-बाजा के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। सुबह से श्रीराम -माता सीता का सोने -चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं को राज श्रृंगार का दर्शन करने का मौका मिला। चांदी-सोने का मुकुट, पायल, हार, बाली, नथ, चूड़ी, हार, कमरबंध जैसे कई आभूषणों से श्रृंगार किया गया। साथ ही फूलों से मंदिर के गर्भगृह को सजाया गया।

### वृंदावन की पोशाक व श्रृंगार

पुरानी बस्ती के गोपीदास मंदिर में चंदन महाराज के मार्गदर्शन में शुभ अवसर पर राजभोग तैयार किया गया। इसमें माल-पुआ, तिल-गुड़-मूंगफली और करी लड्डू का विशेष भोग भगवान को अर्पित किया गया। शाम को आरती से पहले वृंदावन के चमचमाते पोशाक और स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया। महाआरती में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में रही। इनके बीच भजन-कीर्तन का दौर भी चला।



### मित्रमंडल से जुड़े युवाओं ने निकाली बाइक रैली

*मित्र मंडली बिरगांव से जुड़े युवाओं ने बाइक रैली निकाली। इसमें वे श्रीराम का ध्वज लेकर धूमधाम से निकले। धर्म और संस्कृति का जयघोष करते हिंदू सनातन धर्म का प्रचार करने मां बंजारी मंदिर से उरला, हीरापुर से होते हुए वे वापस ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे। जहां बाइक रैली का समापन किया गया। बंजारी धाम के पास भव्य भंडारे का आयोजन किया। इसमें भूमिहार समाज के सचिव शेषनाथ तिवारी, जय भगवान शर्मा, कृष्ण मोहन चौबे, आनंद साहू, संजय यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए।*



सिटी इवेंट

## बोनसाई में पौधों की देखभाल जरूरी इसमें प्राकृतिक खाद का करें उपयोग



**रायपुर।** मिट्टी की समझ, पौधों का चयन, बोनसाई की देखभाल, प्राकृतिक खाद तैयार करने की विधि के बारे में जानना जरूरी होता है। इसके बिना पौधे को बचाना संभव नहीं होता है। यह बात ऑक्सीजोन गार्डन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन विशेषज्ञों ने कही। इसमें 30 से अधिक प्रकृति प्रेमियों की उपस्थिति रही। प्रकृति प्रेमियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बोनसाई आर्ट, वामन वृक्ष कला, ऑक्सीजोन वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 7 से 10 बजे के बीच किया जा रहा है। प्रशिक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि सभी पेड़-पौधों की देखभाल अलग तरीके से करना होता है। ऐसे में बदलता मौसम, खाद, पौधों की प्रजातियां महत्वपूर्ण होती हैं। शिविर के पहले दिन जेड बोनसाई की देखभाल की जानकारी दी गई। बताया कि जेड बोनसाई को उचित रोशनी, पानी व छंटाई की भी जरूरत होती है। जिसे समय-समय पर करना जरूरी होता है।

### रसोई कचरे से बनाएं खाद

बोनसाई पौधों की अधिक देखभाल करनी होती है। ऐसे में मौसम के आधार पर ही खाद देने का सही समय तय किया जाता है। सभी प्रकार के बोनसाई की देखरेख करने का अलग तरीका होता है। इसमें इनडोर और आउटडोर शामिल हैं। बोनसाई खाद बनाने के लिए रसोई कचरे का इस्तेमाल एक बेहतर संसाधन है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जिससे मिट्टी और जड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करती है। इस खाद को तैयार करने में लगभग 1-2 सप्ताह का समय लगता है।



### मौसम बदलते ही करें छटाई

लंबे वक्त तक जीवत रखने के लिए बोनसाई पेड़ में छंटाई सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इनडोर और ऑउटडोर बोनसाई पौधे शहर में मौजूद हैं। इसकी देखभाल सालभर किया जाता है, जिससे पेड़ को आकार मिलता है। मौसम बदलने से पहले और ठीक बाद में छंटाई करने का सबसे अच्छा वक्त होता है। इस दौरान पेड़ की मोटी शाखाओं को काटा जाता है। खरपतवार और सूखी लकड़ी बोनसाई को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसे समय रहते दूर करना जरूरी है।

## लड़कियां जरुरत पड़ने पर धारण करें चंडी रूप... कविताएं सुन श्रोता हुए ओत-प्रोत

**रायपुर।** कोटा आम बगीचा रेलवे फाटक चौक के पास शौर्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर रखा गया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं से श्रोताओं को जोश से ओत-प्रोत कर दिया। बतौर कवि व संयोजक रिकी बिंदास व ईशान विद्युत और कवयित्री श्रद्धा शौर्य उपस्थित रहीं। कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से राम मंदिर आंदोलन से लेकर प्राण -प्रतिष्ठा की यात्रा को बताया। जिसका श्रोताओं ने बड़े श्रद्धा भाव से श्रवण किया। तालियों की गड़गड़ाहट के कारण कवियों को कई बार कविता पाठ रोकना पड़ा। तीनों ही कवियों को श्रोताओं की तालियों का बखूबी साथ मिला। प्राण- प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर लोग उत्साह से भरे रहे। कविता पाठ के बीच-बीच में लोगों ने आतिशबाजी की। कवि सम्मेलन की सफलता की बानगी सड़क पर खड़े लोगों की भीड़ ने बहुत अच्छे से व्यक्त किया।



### श्रीकृष्ण हर कालखंड में पहुंचे यह संभव नहीं

कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने अपनी कविताओं के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर कालखंड में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी का चीरहरण रोकने के लिए नहीं प्रकट होंगे। लड़कियों और महिलाओं को ऐसी परिस्थिति में स्वयं माता चंडी, माता काली और दुर्गा का रूप धारण करना होगा और अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों से स्वयं लड़ना होगा। साथ ही अधर्मियों को सजा दिलवाने तक चैन से नहीं बैठना चाहिए।

### मंदिर निर्माण ही राम के होने का साक्ष्य

कवि ईशान ने युवाओं के लिए सर्वाधिक कविताएं पढ़ी, सभी ओज से ओत-प्रोत रही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रधर्म सबसे बड़ा धर्म और राष्ट्रसेवा सबसे बड़ी सेवा है। आज के युवा जो मोबाइल फोन में दिनभर घुसे रहते हैं, उन्हें अपने इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के बारे में जानने प्रयत्न करना चाहिए। भगवान राम के जीवन से कितना कुछ सीखकर अच्छा इंसान बना जा सकता है। रामायण के सभी किरदारों से कुछ न कुछ सीखा जा सकता है। वहीं, कवि रिकी बिंदास ने अपनी कविताओं के माध्यम से राम को काल्पनिक पात्र बताने वालों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा राम मंदिर बनना ही राम के होने का सबसे बड़ा साक्ष्य है।

## दौड़-भाग भरी जिंदगी से बचाने लगेगी मानसिक शांति की क्लास

**रायपुर।** विश्व के समृद्ध विरासत विपश्यना ध्यान के कृतज्ञ साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म कुटी ध्यान केंद्र सिंगारभाठा रायपुर में फिर दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ होने वाला है। 02 से 13 फरवरी तक इस शिविर का संचालन दुर्ग की सहायक आचार्य जयश्री सोलंकी करेंगी। इसमें प्रचलित परंपरा के तहत योग से शांति के लिए अलग-अलग आसन व साधन बताएंगे। जिससे दौड़-भाग भरी जिंदगी से परेशान लोगों को मानसिक शांति के उपाय भी बताया जाएगा। इस तरह का प्रयास लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए किया जा रहा है। इसमें हर वर्ग के लोग आवासीय शिविर का हिस्सा भी बनते हैं। इस विपश्यना शिविर के सहायक आचार्य और आचार्य को पारिश्रमिक एवं मानदेय नहीं दिया जाता है। वे इस परंपरा के वाहक हैं, जो समाज के अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए स्वैच्छिक सेवा देते हैं। विपश्यना एक तरह से आत्म दर्शन और स्वदर्शन की साधना है। अपने आप को देखने की साधना है।

## डायटिशियन्स की सलाह, पढ़ाई के साथ छात्र-छात्राएं खान-पान का रखें ध्यान

# परीक्षा की तैयारी में इतने व्यस्त न हो कि बिगड़ जाएं सेहत, संयमित डाइट से रखें ख्याल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा पास आते ही विद्यार्थियों में तनाव बढ़ने लगता है। ऐसे में बेहतर रिजल्ट के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को स्वस्थ रखना जरूरी है। इन दिनों एंजायटी, मोबाइल एडिक्शन, पारिवारिक दबाव व अच्छे परिणाम को लेकर विद्यार्थी परेशान हैं। इससे वे शारीरिक, मानसिक बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। इससे बचाव के लिए हरिभूमि ने मनोवैज्ञानिक और डाइटिशियन से बात की। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि परीक्षा में बेहतर तैयारी में विद्यार्थी इतने व्यस्त हैं कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल नहीं रख रहें। इससे अधिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

### पानी की कमी न होने दें

डाइटिशियन भुनेश्वरी साहू ने बताया कि सुबह से रात तक का डाइट प्लान तैयार करें। ध्यान रखें कि छात्रों को हैवी डाइट से बचना है। खाने में चावल की मात्रा को कम रखें। खाने के तुरंत बाद पढ़ाई करने से बचें। 15-20 मिनट के बाद पढ़ाई करना सही रहेगा। ऐसा नहीं करने से उन्हें नींद आने लगेगी। डाइट में सबसे जरूरी शरीर में पानी की मात्रा को कम ना होने देना है। पानी की कमी होने से उल्टी, पेट दर्द, अनपचन जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।



### रोज का डाइट प्लान

- सुबह गुनगुना दूध के साथ भीगा बादाम और अंजीर।
- नास्ते में एग या पनीर का पराठा और हरी सब्जी।
- वॉटर इंटेक के लिए गुनगुना पानी, मिल्क शेक, फ्रूट जूस और मट्ठा।
- लंच-डीनर में चावल की मात्रा कम रखें।
- शाम को स्प्राउट्स, मखाना का चटपटा चाट।
- खाने के बाद तुरंत पानी ना पीएं।

### नींद दूर करने दी सलाह

डाइटिशियन निशा गुप्ता ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए सही डाइट और नींद जरूरी है। एग्जाम के तनाव में खाली पेट रहना स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है। अक्सर पढ़ाई के दौरान नींद की समस्या बच्चों को रहती है। इसके लिए खट्टे-मीठे फ्रूट खाएं, जिसमें विटामिन सी की मात्रा मौजूद है। यह फल शरीर में तंदुरुस्ती और नींद को दूर करने में मदद करता है। नास्ता और खाने में फल, जूस और हरी सब्जियों को शामिल करें। दोपहर में लंच के बाद 20-30 मिनट का नींद जरूरी है।



### वॉटर इंटेक की परेशानी

मनोवैज्ञानिक ने बताया कि परीक्षा की तैयारी में माता-पिता का मुख्य योगदान होता है। जिनके सकारात्मक विचार से बच्चों को पढ़ने में मदद मिलती है। घर का शांत और खुशनुमा वातावरण पढ़ाई के लिए बेहतर होता है। डाइटिशियन के अनुसार दिनचर्या में सही डाइट का उपयोग होना जरूरी है। यह जिम्मेदारी परिजनों की होती है। परीक्षा के दौरान एंजायटी और वॉटर इंटेक की परेशानी सबसे ज्यादा होती है, इसके लिए सही डाइट जरूरी है, इसका भी पालन करें।

### मानसिक मजबूती जरूरी

मनोवैज्ञानिक डॉ. अनिता ने बताया कि परीक्षा के दौरान बच्चों का तनाव बढ़ जाता है। ऐसे में परिजनों के बार-बार पढ़ाई को लेकर बोलने से बच्चों में एंजायटी बढ़ता जाता है। माता-पिता का साथ छात्रों को मेंटली स्ट्रॉन्ग करता है। ऐसे में परिजन घर का माहौल शांत और खुशनुमा रखें और बच्चों को समझने का प्रयास करें। साथ ही विद्यार्थी मोबाइल से दूर रहें, इसके अधिक इस्तेमाल से समय की बर्बादी निश्चित है।

धर्म लाइव

## देश-विदेश में कीर्तन करने वाले जत्थों से लोग सुनेंगे गुरुबाणी




**रायपुर।** सिख समाज के बीच अलौकिक कीर्तन की श्रृंखला 23 जनवरी को संध्या 6 बजे से सजने वाली है। इस वर्ष तैंतीसवां समागम होने जा रहा है। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा, गुरुनानक नगर में तीन दिनों तक देश-विदेश में कीर्तन करने वाले मशहूर रागी बारी-बारी से गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज गुरुबानी का गायन करेंगे। इस आयोजन के संयोजक प्रितपाल सिंघ चंडोक ने बताया कि अलौकिक कीर्तन समागम सोसायटी सहित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा इसे आयोजित करने जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश और ओडिशा से भी सिख संगत शिरकत करने वाले हैं। इसे देखते हुए आयोजकों ने भी कीर्तन का हिस्सा बनने वाले लोगों के लिए भी समुचित इंतजाम किया है।

### सुबह-शाम सजेगा दीवान

बुधवार की रात सभी रागी जत्थों का नगर आगमन हो गया है। इस समागम में हर साल की तरह इस बार भी नए जत्थों को आमंत्रित किया है। गुरुवार से ही गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश से सायंकालीन दीवान का शुभारंभ होगा। साथ ही तीन दिनों तक सुबह और शाम को कीर्तन की रसधार बहेगी। मुंबई निवासी कथावाचक हरिकबाल सिंह बाली जत्थों के बारे में संगत को बताएंगे। रागी जत्थों में भाई सुखवंत सिंह, दलवीर सिंह, अमनदीप सिंह, गुरुप्रीत सिंह के साथ भाई महताब सिंह की गुरुबाणी आकर्षण का केन्द्र होगी।

सिटी लाइव

## 28 को चिन्हारी फिल्म फेयर अवार्ड का होगा आयोजन



**रायपुर।** हॉट स्पॉट टेक्नोलॉजी व योग सेवा संस्थान के संयुक्त प्रयास से शहर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में चिन्हारी फिल्म फेयर अवार्ड का भव्य आयोजन 28 जनवरी को किया जाएगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। इसमें 50 से अधिक लोगों का सम्मान किया जाएगा । इस तरह का यह पहला आयोजन होने जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग शिरकत करेंगे। यह जानकारी बुधवार को पत्रवार्ता में योगेश्वरानंद नेताम ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को शुरू करने के लिए काफी प्रयास करना पड़ा। इससे आने वाले दिनों में शहर के लोगों को एक अनूठे आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इसके लिए संस्था से जुड़े मेंबर्स को भी जिम्मेदारी बांटी गई है, ताकि आयोजन का सुचारू रूप से संचालन हो सके।

### कला-संस्कृति के लिए

उन्होंने आगे बताया कि कला, संस्कृति के लिए काम करने वाले और साहित्य को बढ़ावा देने वालों के साथ ही उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा, जो अलग-अलग क्षेत्र में सेवा करते हुए मानव कल्याण के लिए काम करते हैं। इसके लिए लोगों से मिलने वाले आवेदनों पर विचार करने के बाद सूची तैयार की जाएगी। इसमें पद्मश्री, पद्मभूषण प्राप्त प्रबुद्धजनों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अपने स्तर पर कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई।

समाज इवेंट

## नेताजी की जयंती पर कला प्रदर्शनी का उद्घाटन आज



**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गुरुवार को राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन संध्या 6 बजे मुख्य अतिथि सुमनेष वत्स एवं अरुण अग्रवाल करेंगे। इसमें नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन चरित्र को रेखांकित करती रचनाएं प्रदर्शित की जाएंगी। गांधीजी और नेताजी का संवाद, आजाद हिंद फौज को संबोधित करते नेताजी का चित्र, हिंदुस्तान के तीन रत्न शीर्षक से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी महाराज की त्रिमूर्ति को जीवंत किया है।

### विभिन्न प्रदेशों के चित्रकारों ने लिया भाग

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्ति चित्र, तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद करते नेताजी, अनुशासन प्रिय नेताजी का चरित्र, जेल से अपने साथियों को पत्र लिखते नेताजी, आजादी के लिए संघर्ष करते नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र कलाकारों की बेजोड़ प्रस्तुति को व्यक्त कर रहे हैं। यह आयोजन दर्शकों के अवलोकनार्थ के लिए निशुल्क शुक्रवार को संध्या 5 बजे से 7 बजे तक खुली रहेगी। इस कला प्रदर्शनी में देश के विभिन्न प्रदेशों से वरिष्ठ चित्रकार, महिला कलाकारों, बाल एवं युवा रचनाकारों ने भाग लिया है।

शहर के युवाओं को भा रहा सेलिब्रिटियों का हेयर स्टाइल

# दशकों पुरानी है हेयर कट कॉपी करने की प्रथा तेरे नाम, स्पाइश कट के बाद अब मुलेट की बारी

युवाओं को अपने बालों से खास लगाव होता है। इसे लेकर उनके बहुत से अरमान होते हैं। व्यक्ति की सुन्दरता में उसके बालों का अहम योगदान होता है। अमूमन युवा बड़े सिलीब्रिटी के हेयर कट को कॉपी करते हैं। उनके मन में होता है कि अपने आदर्श सेलिब्रिटी की तरह हेयर कट करवाकर वो उनकी तरह दिख सकते हैं। ये कॉपी और फालो करने का सिलसिला बरसों पुराना है। बदलते समय के साथ हेयर कट में भी बदलाव आ रहा है।

**रायपुर।** युवा अपने पसंदीदा सेलिब्रिटी के हेयर कट को भी कॉपी करना चाहते हैं, ताकि वो उनकी तरह दिख सकें। हरिभूमि ने रविवार को मेन्स पार्लर और सैलून का जायजा लिया और पता करने की कोशिश की कि कौन सा हेयर कट स्टाइल युवाओं को ज्यादा रास आ रहा है।



### फैशन आइकॉन विराट युवाओं के हेयर स्टाइल स्रोत

ट्रेंडिंग हेयर कट को जानने हरिभूमि राठौर चौक, प्रभात टॉकीज के पास में स्टाइल इन सैलून के शॉप में पहुंचा। संचालक क्षितिज सेन बताते हैं कि इस वक्त युवा मुलेट हेयर कटिंग कराने ज्यादा आ रहे हैं। यह हेयर कट विराट कोहली ने करा रखा है। शहर के बहुत से युवा हैं जो विराट के नए हेयर कट को कॉपी करते हैं। इसके अलावा स्पाइश कराने वाले युवा भी आते हैंए लेकिन ये पुराना हो चला है। इसमें 150 से 300 रुपए का खर्च आता है। वहींए केजीएफ फिल्म के नायक अभिनेता रॉकी का फुल बियर्ड स्टाइल को युवा अब भी फालो कर रहे हैं। इसमें बालों का स्पा कराना पड़ता है। जिसका खर्च एक बार में 200 से 300 रुपए आता है। वहीं, मुलेट हेयर कट का 200 से 500 रुपए खर्च है। क्षितिज बताते हैं कि दाढ़ी रखने वाले ज्यादातर वी या एल शेप सेट कराते हैं।

### कॉपी-फालो न कर, अपने मन मुताबिक हेयर कट करा रहे युवा





*स्टेशन रोड, महावीर हेयर कटिंग सैलून के संचालक हरीश ठाकुर बताते हैं कि युवा अपने मन चाहे सेलिब्रिटी को कपड़ों से लेकर हेयर कट तक कॉपी करने की कोशिश में रहते हैं। हाल ही में विराट कोहली ने मुलेट हेयर कट करवाया और अपने सोशल मीडिया पर उसको अपलोड किया। विराट के फैशन को फालो और कॉपी करने वाले युवाओं की मुलेट कट कराने की भीड़ लगातार लग रही है। हरीश आगे बताते हैं कि इस शहर के ज्यादातर युवाओं ने मुलेट, स्पाइश आदि हेयर कट करवा रखे हैं। वर्तमान में ज्यादा सेलिब्रिटी दाढ़ी में बियर्ड रख रहे हैं। युवा भी इन्हें देखते हुए बियर्ड रख रहे हैं। वहीं, बहुत से युवा ऐसे हैं जो अपने चेहरे को जचने वाले हेयर कट या दाढ़ी को रखना पसंद करते हैं। उनकी किसी को कॉपी या फालो करने में कोई रुचि नहीं है।*

### काफी खर्चीला बैठता है फुल बियर्ड रखने का शौक

कालीबाड़ी चौक, विनायक मेन्स पार्लर के संचालक लाला सेन भी बताते हैं कि शहर के युवा मुलेट हेयर कट कराने ही आ रहे हैं। उनके यहां यह कट 100 रुपए में किया जा रहा है। 90 प्रतिशत युवा मोबाइल में फोटो दिखा अपना हेयर कट करवा रहे हैं। गिने-चुने लोग अब बोलते हैं 'अपने हिसाब से हेयर कट कर दो।' इसके साथ युवा भौंह में क्रास भी कराते हैं। युवा ये सारे हेयर कट स्टाइल फिल्मी अभिनेता, सेलिब्रिटी व सोशल मीडिया एन्फुलेंसर्स को देखकर कर रहे हैं। इसके अलावा युवा बालों के दोनों ओर लाइनर भी कराते हैं। दाढ़ी के स्टाइल में बियर्ड रखने का ट्रेंड ज्यादा फालो किया जा रहा है। लाला सेन बताते हैं कि फुल बियर्ड रखने में काफी खर्चीला है। इसमें बालों के तेल, वैक्स और दाढ़ी के लिए हेयर ग्रोइंग व शाइनिंग क्रीम की जरूरत पड़ती है। महीने भर का खर्च 3000 से 4000 रुपए है।

भाषाई फिल्मों को ज्यादा महत्व देने की जरूरत है

## फिल्मों की सफलता दर्शकों की जागरूकता पर निर्भर, नए विषयों को करना होगा स्वीकार

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में पत्रकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ी सिनेमा की दशा और दिशा पर परिचर्चा की गई।



**रायपुर।** मुख्य वक्ता के रूप में आए छत्तीसगढ़ी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक सतीश जैन ने बताया क्षेत्रीय सिनेमा का आधार लोककथा पर आधारित होती है पारिवारिक फिल्म, सामाजिक सरोकार और मनोरंजित फिल्में ज्यादा देखी जाती हैं। क्षेत्रीय फिल्मों की सफलता के लिए जरूरी है कि दर्शकों को जागरूक होना होगा कुछ नए विषयों पर बनी फिल्मों को देखने के लिए। भाषाई फिल्मों को ज्यादा महत्व देने की जरूरत है। विशेष वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता निर्देशक मनोज वर्मा ने छात्रों को बताया कि किसी भी फिल्म की कहानी के पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है वह संदेश दर्शकों को समझाने के लिए ही सिनेमा से आसान तरीका और कुछ नहीं हो सकता। क्षेत्रीय सिनेमा को दर्शकों से जोड़ने के लिए सार्थक सिनेमा या सामाजिक सरोकार के सिनेमा का निर्माण भी किया जाना चाहिए। यह भी बताया की छत्तीसगढ़ में सिनेमा को देखने के लिए दर्शकों में कौतुहल न होना भी एक कारण है की छत्तीसगढ़ की सिनेमा अन्य सिनेमा से कम देखा जाता है।

### अच्छा सिनेमा वहीं जो समाज को दे सार्थक सन्देश

*महाविद्यालय के डायरेक्टर ने सकारात्मक सिनेमा के बारे में बताते हुए कहा कि सिनेमा आम जनजीवन पर बहुत असर करता है। फिल्मों में गुणवक्ता का होना बहुत आवश्यक है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अच्छा सिनेमा वही है जो समाज को एक सार्थक सन्देश दे। महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा की ऐसे आयोजन से क्षेत्रों को सिनेमा निर्माण और पटकथा लेखन जैसी शैली सीखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आकांक्षा दुबे ने किया और कार्यक्रम का सञ्चालन पतकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक सिद्धांत त्रिपाठी ने किया ।कार्यक्रम में योग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मंजू सिंह ठाकुर, पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापकगण और छात्र शामिल रहे।*



## महारास लीला जीवन का मुख्य आधार, इसे आत्मसात करें

**रायपुर।** भगवान कृष्ण द्वारा किया गया महारास लीला वास्तव में जीवन का सूत्रधार है। भगवान की भक्ति, उनके प्रति भाव से ही संभव हो सकता है। अभिमान व ज्ञान का आना यह संकेत देता है कि भगवान को अभिमान कतई पसंद नहीं है। अभिमान आने से भगवान वहां से अदृश्य हो जाते हैं। यह महारास लीला केवल आनंद लेने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए रास लीला प्रसंग में यह बात कथावाचक मनोज कृष्ण शास्त्री महाराज ने श्रोताओं के बीच कही।

### मंत्ररूपी गोपियां भी शामिल हुईं

गुढ़ियारी में जारी कथा में महाराज जी ने आगे कहा कि महारास लीला में श्रीकृष्ण ने सभी बृज की गोपियों को महारास लीला के लिए आमंत्रित किया। इस रासलीला में तीनों कांडों के मंत्ररूपी गोपियां भी शामिल हुईं। महारास लीला में आने से पहले भगवान ने कहा कि पति चाहे कैसा भी हो, पत्नी को कभी उसका परित्याग नहीं करना चाहिए। तब गोपी ने सवाल किया कि अगर पति परदेश चला गया हो तो क्या करना चाहिए, तो श्रीकृष्ण ने कहा कि पति की फोटो रखकर उसकी पूजा करनी चाहिए।



### इंद्र ने की बृज पर वर्षा

गिरिराज पर्वत को उंगली में धारण करने के प्रसंग पर शास्त्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने उंगली पर पर्वत धारण किया और इंद्र ने भगवान की स्तुति की तो खुश हो गए और उन्हें कुछ नहीं कहा और जाने दिया। दूसरी ओर ब्रम्हा ने बृजवासियों की गायों की चोरी कर ली तो भगवान की स्तुति करने के बाद भी ब्रम्हा पर प्रसन्न नहीं हुए। इसका अर्थ यह है कि इंद्र ने जो बृज पर वर्षा की उससे सभी बृजवासी व गाय उनके पास आ गए।

निगम की सत्ता में आरक्षित सीट बढ़ने से महिला वोटर्स बोलीं-आत्मविश्वास बढ़ेगा

# आधी आबादी के हाथों में शहर की कमान होने से सुधरेगा सिस्टम, बेहतर होंगी जन सुविधाएं

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** घर-गृहस्थी संभालने वाली महिलाओं को निगम चुनाव में महापौर ही नहीं, 23 क्षेत्र में वार्ड पार्षद बनने का भी अवसर मिल रहा है। इससे महिला वोटर्स में भी उत्साह की लहर है। महिलाओं को उम्मीद है कि आधी आबादी के पास घर और निगम की कमान होगी, तो शहर का सिस्टम सुधरेगा। चुनाव जीतने के बाद महिलाओं को खुद प्रतिनिधित्व करने की सलाह महिला वोटर्स दे रही हैं। उनका मत है कि सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ट्रैफिक के साथ ही वार्डों में करवाए गए कार्यों को सिस्टमैटिक करने से लोगों की सुविधा भी बेहतर होगी।

### बदलाव देखने को मिलेगा



इस बार निगम चुनाव में जिस तरह से महापौर के साथ वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, उसे हम एक बड़े बदलाव के रूप में देख रहे हैं। पद्मा शर्मा कहती हैं कि जो घर को बेहतर संभाल सकती हैं, उन्हें निगम की कमान संभालने में कोई चुनौती नहीं होगी। जीतने के बाद महिलाएं पति के भरोसे रहने से बचें। उनके खुद काम संभालने से सकारात्मक रिजल्ट शहर के लोगों को देखने को मिलेगा।



### रबर स्टैम्प बनने से बचना



एडवोकेट जुही मारोठिया कहती हैं कि निगम में महिलाओं के लिए 23 सीटें आरक्षित होने से उन्हें जन सुविधाओं के लिए बेहतर काम करने का अवसर मिल रहा है। इस निर्णय को महिलाएं अपने काम से सफल भी कर सकती हैं। जीतने के बाद उन्हें रबर स्टैम्प बनने से बचना होगा। जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए वार्डों और शहर के विकास को लेकर खुद निर्णय लेते हुए काम करेंगी तो भरोसा बढ़ेगा।

### जनता का भरोसा बढ़ेगा



छात्रा निलिमा यादव मानती हैं कि शहर की कमान महिला के हाथ में होने से सुविधाएं बेहतर होंगी। महिलाओं की दखल निगम में इस बार पहले से ज्यादा होने वाली है। इसे देखते हुए नारीशक्ति अगर लोगों की बेहतरी के लिए खुद निर्णय लेंगी तो इससे लोगों का भरोसा उनके प्रति बढ़ेगा। पति के पीछे चलने की बजाय खुद प्रतिनिधित्व करने का साहस दिखाने का उद्देश्य लेकर मैदान में उतरें और भरोसा जीतें।

### सुविधा को मिलेगा संरक्षण



निगम में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को लेकर पचपेढ़ी नाका क्षेत्र की सीए अंजू सिंह मानती हैं कि महिला पार्षद व महापौर होंगी, तो काम बेहतर होगा। उनको लोगों की अपेक्षा पर खरा उतरने के लिए वार्ड क्षेत्र में सुविधाओं पर फोकस करना होगा। सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ट्रैफिक के साथ करवाए गए निर्माण के संरक्षण को लेकर काम होगा। महिलाएं कमान संभालेंगी तो सुविधा में इजाफा भी होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में कांकेर और प्लेट कंबाइंड ने जीते अपने-अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से चल रहा है। टुर्नामेंट में बुधवार से चौथे राउंड के 4 मैच (20 जनवरी से 23 जनवरी) खेले जा रहे हैं। तीसरे दिन ग्रुप ए का सांतवा चार दिवसीय मैच रायपुर एवं कांकेर के मध्य धमतरी में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 61.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाये। रायपुर की ओर से वेंदांश खेड़िया ने सर्वाधिक 84 रन तथा शुभ संघवी ने 36 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से विवेक कुमार ने 6 विकेट तथा नितिन सिंह ने 2 विकेट प्राप्त किये। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 114.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 292 रन बनाये। कांकेर की ओर से अमितेष मिश्रा ने 108 रन तथा नितिन सिंह ने 88 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से जय प्रकाश पांडे ने 4 विकेट तथा वेदांत जैन ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर की टीम अपनी दूसरी पारी में 45.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना पायी। रायपुर की ओर से युवराज ने 28 रन तथा रचित ने 20 रनों का योगदान दिया। वहीं कांकेर की ओर से विवेक कुमार ने 3 विकेट, नितिन सिंह तथा सैम डेनियल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कांकेर ने मैच एक पारी तथा 35 रनों से जीत लिया। ग्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं राजनांदगांव के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 55.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 165 रन ही बनाये। राजनांदगांव की ओर से श्लोक ने सर्वाधिक 65 रन तथा कुणाल साहु ने 34 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से देवाशीष सिंह ने 4 विकेट तथा रुद्र प्रताप ने 3 विकेट प्राप्त किए।

प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 156.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 596 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से यश कुमार वर्धा ने 218 रन तथा तेजस मोरे ने 117 रन तथा नील चंद्राणा ने 114 रन बनाये। वहीं राजनांदगांव की ओर से कुनाल साहू ने 3 विकेट, अर्शवीर तथा युक्तिज्ञ ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

### बराबरी पर छूटा फुटबॉल मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 17 फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत बुधवार को पंत स्टेडियम में एक मैच खेला गया। रामा एफसी रायपुर एवं दा फुटबॉल अकादमी एवं क्लब रायगढ़ के बीच यह मैच 3 - 3 गोल की बराबरी पर छुटा। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

### पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज बुधवार को डंगनिया स्थित मुख्यालय में हुआ। प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार (जेनको), आरके शुक्ला (ट्रांसको) और भीमसिंह कंवर (डिस्कॉम) ने इस अवसर पर सभी कर्मियों से खेल स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और कहा कि राष्ट्रीय पर्व का यह अवसर हमारे आपसी भाईचारे को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। खेल हमें स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का तरीका सिखाता है। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले इस खेल सप्ताह में पॉवर कंपनीज़ के अधिकारी-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। खेल सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने कहा कि जिन कर्मियों की खेल में रूचि है, वे तो इन स्पर्धाओं में भाग लेंगे ही, परन्तु जिन्हें रूचि नहीं है वे भी किसी एक खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं।

प्रबंध निदेशक पारेषण आरके शुक्ला ने कहा कि खेल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखेगा। इससे टीम भावना का विकास होता है। प्रबंध निदेशक वितरण भीम सिंह कंवर ने कहा कि खेल को केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। यह आपको जीना सिखाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी खेलों को भी इस खेल सप्ताह में शामिल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव श्री एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, जी आनंद राव, महाप्रबंधक (वित्त) वाईबी जैन एवं मुख्य अभियंता (मा.सं.) वीके दीक्षित, केबी पात्रे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएल पंचारी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विगं कमांडर ए श्रीनिवास राव उपस्थित थे।

## नींद नहीं आ रही तो संभव है आप हो जाएं मोटापे के शिकार

# नींद पूरी न होने का असर पड़ता है आपके शरीर के हर हिस्से में, अनिद्रा से बचाव के कीजिए उपाय

क्या आप जानते हैं कि नींद का आपके वजन पर भी सीधा असर पड़ता है? जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है या जो लोग अनिद्रा का शिकार हैं उनमें मोटापा का खतरा अधिक हो सकता है। पर कैसे आइए जानते हैं। आपने कई मेडिकल रिपोर्ट्स में अच्छी नींद से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में सुना होगा। शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने में अच्छी नींद की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों के लिए रोजाना रात में 6-9 घंटे की निर्बाध नींद जरूरी है। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें समय के साथ कई प्रकार की बीमारियों का भी खतरा हो सकता है। क्या आप जानते हैं कि नींद का आपके वजन पर भी सीधा असर पड़ता है? जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है या जो लोग अनिद्रा का शिकार हैं उनमें मोटापा का खतरा अधिक हो सकता है। पर कैसे आइए जानते हैं।



### नींद और वजन बढ़ने का कनेक्शन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नींद की समस्या और मोटापे की दिक्कत दुनियाभर में तेजी से बढ़ती हुई देखी जा रही है। ये दोनों स्थितियां एक दूसरे से जुड़ी हुई हो सकती हैं। पर कैसे? अध्ययनों से पता चलता है कि नींद की कमी से शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा होता है, जो आपके भूख और वजन को बढ़ाने लगता है। लेप्टिन और घ्रेलिन ऐसे दो हार्मोन्स हैं जो भूख को नियंत्रित करते हैं। जब आपको पर्याप्त नींद नहीं मिलती तो इनमें असंतुलन हो सकता है जिससे आपको अधिक खाने की इच्छा होने लगती है। ज्यादा खाने से शरीर में कैलोरी भी बढ़ती है जिससे मोटापा बढ़ने लगता है।



### मेटाबॉलिज्म पर असर

इसके अलावा अपर्याप्त नींद आपके भोजन के मेटाबॉलिज्म को भी प्रभावित करने लगती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें मेटाबॉलिज्म से संबंधित समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। मेटाबॉलिज्म की दर कम होने के कारण आपका शरीर वसा के रूप में अधिक कैलोरी इकट्ठा करना शुरू कर देता है। स्लो मेटाबॉलिज्म का मतलब है कि आपका शरीर ठीक तरीके से कैलोरी बर्न नहीं कर पा रहा है जिससे आपका वजन बढ़ सकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव

नींद की कमी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तनाव, चिंता, और डिप्रेशन को बढ़ा सकती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों की नींद ठीक से पूरी नहीं होती है उनके मस्तिष्क का भावनात्मक नियंत्रण वाला हिस्सा (एमिग्डाला) अतिसक्रिय हो जाता है। इस वजह से आपको अधिक चिड़चिड़ापन और मूड स्विंग्स, स्ट्रेस की समस्या हो



सकती है। ज्यादा स्ट्रेस की स्थिति में शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का स्राव बढ़ जाता है जिसे भी वजन बढ़ाने वाला पाया गया है।

### नींद की कमी के इन दुष्प्रभावों को भी जानिए

नींद पूरी न होना वजन बढ़ने के अलावा भी आपके लिए कई प्रकार से नुकसानदायक है। नींद की कमी ध्यान केंद्रित करने और नई चीजें याद रखने में मुश्किल पैदा कर सकती है। आपमें उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है।



## वजन संतुलित रखना है तो ध्यान दें अपने खाने की टाइमिंग पर

अक्सर अपने वेट मैनेजमेंट के लिए हम सभी अपनी फूड च्वॉइसेस पर फोकस करते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ आपको मील टाइमिंग पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। यह भी उतना ही जरूरी होता है। जब भी बात वेट मैनेजमेंट की होती है तो लोग अपनी फूड च्वॉइसेस या फिर पोर्शन कंट्रोल पर ही ध्यान देते हैं। लेकिन मील टाइमिंग्स पर किसी का ध्यान नहीं जाता। शायद यह आपको बेहद छोटी सी बात लगे, लेकिन वास्तव में यह काफी अहम्‌ है। सिर्फ सही खाना ही हेल्दी लाइफ जीने का मंत्र नहीं है, बल्कि सही समय पर खाना भी उतना ही जरूरी है।

दरअसल, शरीर की अपनी एक अंदरुनी घड़ी होती है, जिसे सर्कैडियन रिदम के रूप में जाना जाता है। जब आप अपने मील को इस नेचुरल रिदम के साथ एलाइन करते हैं, तो आपका शरीर कैलोरी को अधिक बेहतर तरीके से बर्न करता है और आप खुद को अधिक एक्टिव व एनर्जेटिक फील करते हैं। वहीं दूसरी ओर, मील्स स्किप करना या फिर देर रात खाना खाने से आपका पाचन धीमा हो सकता है, इंसुलिन बढ़ सकता है और फैट जमा हो सकती है। ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी बता रही हैं कि वेट मैनेजमेंट में मील टाइमिंग क्यों मायने रखती है-

### सर्कैडियन रिदम पर पड़ता है असर



जब आप अपनी मील टाइमिंग का खास ख्याल रखते हैं तो इससे आपके शरीर एक आंतरिक घड़ी सर्कैडियन रिदम पर अच्छा असर पड़ता है। यह सर्कैडियन रिदम आपकी नींद से लेकर पाचन तक सब कुछ प्रभावित करती है। इसका असर आपके मेटाबॉलिज्म पर भी पड़ता है। जब आप किसी भी टाइम पर खाना खाते हैं तो इससे आपको मेटाबॉलिक असंतुलन की समस्या हो सकती है। जिसका नेगेटिव असर आपके वजन पर भी पड़ सकता है।

### मील स्किप करना हो सकता है नुकसानदायक

कुछ लोगों की यह आदत होती है कि वे किसी भी समय पर खाना खाते हैं या फिर अपना मील स्किप कर देते हैं। ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है। खासतौर से, नाश्ता स्किप करने से मेटाबॉलिज्म पर नेगेटिव असर पड़ सकता है। रिसर्च से भी पता चलता है कि नाश्ता स्किप करना शरीर के अतिरिक्त वजन और इंसुलिन प्रतिरोध से जुड़ा हुआ है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि नाश्ता स्किप करने से आपका ब्लड शुगर लेवल कम हो सकता है। इससे आपको अगले भोजन तक भूख लग सकती है, जिससे आप अधिक खा सकते हैं या अनहेल्दी स्नैकिंग कर सकते हैं। साथ ही, जब आपका शरीर भोजन की कमी महसूस करता है तो वह फैट को जमा करना शुरू कर देता है।

### भूख पर पड़ता है असर

जब आप हर दिन एक ही समय पर भोजन करते हैं तो इससे भूख बढ़ाने वाले हार्मोन मसलन, घ्रेलिन हार्मोन को कंट्रोल रखना अधिक आसान हो जाता है। ऐसा करने से आपका शरीर सेट होने लगता है और एक निश्चित समय पर आपका शरीर भोजन की अपेक्षा करने लगता है, जिससे डाइजेशन और मेटाबॉलिज्म पर अच्छा असर पड़ता है। जब आपको बार-बार भूख नहीं लगती है तो इससे फूड क्रेविंग भी कम होती है।



## जानिए गुरुवार को केले के पत्ते पर कपूर जलाने की मान्यता



बृहस्पतिवार के दिन भगवान विष्णु की पूजा के दौरान उनके समक्ष कपूर का दीया जलाया जाए तो इससे उनकी असीम कृपा मिलती है, लेकिन वहीं अगर इस दिन केले के पत्ते पर कपूर रखकर जलाया जाए तो इससे कई लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

हिंदू धर्म में सप्ताह के हर एक दिन को ग्रह अनुसार वार में विभाजित किया गया है और उस दिन पर उसी ग्रह की पूजा या उस ग्रह से जुड़े कार्यों को करना शुभ माना गया है। इस कड़ी में गुरुवार का दिन बृहस्पति यानी कि गुरु ग्रह को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा भी की जाती है।

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि बृहस्पतिवार के दिन भगवान विष्णु की पूजा के दौरान उनके समक्ष कपूर का दीया जलाया जाए तो इससे उनकी असीम कृपा मिलती है, लेकिन वहीं अगर इस दिन केले के पत्ते पर कपूर रखकर जलाया जाए तो इससे कई लाभ प्राप्त हो सकते हैं। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइए जानते हैं कि आखिर गुरुवार के दिन केले के पत्ते पर कपूर जलाने का क्या महत्व है और इससे किन लाभों की प्राप्ति होती है।

### केले के पत्ते पर कपूर जलाने के लाभ

गुरुवार के दिन केले के पेड़ की पूजा की जाती है क्योंकि उसमें भगवान विष्णु और गुरु ग्रह का वास माना गया है। वहीं, अगर केले के पत्ते पर कपूर जलाया जाए तो इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और दूसरी ओर कुंडली में गुरु ग्रह मजबूत बनते हैं। गुरु ग्रह को विद्या, शिक्षा, करियर, नौकरी, व्यापार आदि का कारक माना गया है। ऐसे में केले के पत्ते पर कपूर जलाने से जगाने एक ओर विद्या या शिक्षा प्राप्ति में आ थी परेशानियां नष्ट होती हैं तो वहीं, नौकरी एवं व्यापार में आ रही दिक्कतों से भी निजात मिलती है।

कपूर को नकारात्मक ऊर्जा दूर करने वाला बताया गया है। ऐसे में अगर केले के पत्ते पर कपूर हर गुरुवार के दिन जलाया जाए तो इससे घर में मौजूद नकारात्मकता तो दूर होगी ही, साथ ही व्यक्ति के भीतर स्थित बुरी ऊर्जा या विचार भी खत्म होंगे।

## इन सब्जियों में गलती से भी नहीं डालें टमाटर, बिगड़ सकता है जायका

आप जानते हैं यह स्वाद बढ़ाने वाला टमाटर आपकी कुछ सब्जियों का जायका भी खराब का सकता है। यदि आप इन सब्जियों में टमाटर मिक्स कर देते हैं, तो आपकी सब्जी का पूरा स्वाद बिगड़ सकता है। करेले की सब्जी कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर करेले में गलती से भी टमाटर नहीं डालना चाहिए। पहली बात यदि आपने इसमें पहले ही टमाटर डाल दिया तो आपका करेला पकेगा नहीं। दूसरा आपकी सब्जी अजीब सी चिपचिपी हो जाएगी। जिसको खाते समय आपको बिल्कुल स्वाद नहीं आएगा। ऐसे में करेले की सब्जी में गलती से भी टमाटर मिक्स नहीं करें।



### हरी पत्तेदार सब्जियों में नहीं डालें टमाटर

सर्दी और गर्मियों के मौसम में आने वाली पत्तेदार सब्जियोंपालक, मेथी, बथुआ चौलाई का साग आदि में टमाटर मिक्स नहीं करें। इन सब्जियों में टमाटर डाल देने से सब्जी का पूरा फ्लेवर खराब हो सकता है। दरअसल, हरी पत्तेदार सब्जियां बनते समय काफी पानी छोड़ती हैं। ऐसे में यह वैसे ही गीली-गीली रहती है। ऐसे में यदि आप इनमें टमाटर डालते हैं, तो उसकी वजह से इनमें और ज्यादा गीलापन आ जाएगा तो जो कि खाते वक्त अच्छा नहीं लगेगा।

### काशीफल की सब्जी

अधिकतर जगहों पर काशीफल यानि कद्दू की सब्जी को हल्का खट्टा-मीठा बनाया जाता है। ऐसे में इस सब्जी में भी टमाटर नहीं डालने चाहिए। यदि हम कद्दू की सब्जी में टमाटर डालते हैं, तो उससे सब्जी में खट्टापन आएगा जो कि पूरा टेस्ट बर्बाद कर देगा।

### भिंडी की सब्जी

भिंडी की सब्जी में भी टमाटर का यूज नहीं करना चाहिए। एक तो भिंडी खुद ही चिपचिपी होती है। ऐसे में यदि आप उसमें टमाटर डालते हैं, तो वो और भी ज्यादा चिपकी चिपकी हो जाती है।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
Hettich HÄFELE blum DURO SPACE YOUR SPACE OUR TOUCH
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE
MODULAR WARDROBE
CALL NOW 0771-4903490
SHOPPERS PARADISE, 21, NEAR CITY CENTER MALL, PANDRI, RAIPUR, CHHATTISGARH 492009
SHOP NO. 1 AND SHOP NO. 2 LAKE VIEW APARTMENT, BANDHA TALAB, GANJPARA, DURG, CHHATTISGARH 491001

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मातृत्व ने बदला कैमरून का नजरिया ब्रेक के बाद 'बैक इन एक्शन' में आई नजर



हॉलीवुड अभिनेत्री कैमरून डियाज ने एक दशक के बाद फिल्म 'बैक इन एक्शन' के जरिए फिल्मों में फिर से वापसी की है। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उनके मातृत्व ने उनका नजरिया बदल दिया। अपनी हालिया नेटफ्लिक्स रिलीज फिल्म 'बैक इन एक्शन विद जैमी फॉक्स' के प्रचार के दौरान उन्होंने बताया, ₹बच्चे होने के बाद, शादी के बाद, जिंदगी बिल्कुल बदल जाती है और आप एक अलग व्यक्ति बन जाते हैं।₹ कैमरून ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के साथ रहते हुए पहले कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। कैमरून की शादी बेन्जी मैडेन से हुई है और उनकी एक बेटी, रेडिक्स, जो सिर्फ 5 साल की है और एक बेटा है, जिसका नाम कार्डिनल है, जिसका जन्म 2024 में हुआ। कैमरून ने अपने अभिनय में वापसी को लेकर बताया कि कैसे उनके सह-कलाकार ने उनके इस फैसले में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, ₹आप जेमी फॉक्स को 'ना' कैसे कह सकते हैं?₹ उन्होंने बताया कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति होता जिसके साथ वह फिल्म सेट पर घूमना और हंसना पसंद करती, तो वह फॉक्स ही हैं। अपने ब्रेक के दौरान, कैमरून ने बताया कि उन्होंने उस समय सिर्फ अपने परिवार और अपने ब्रांड, एवलीन को प्राथमिकता दी। कथित तौर पर कैमरून ने कहा, ₹मैं बस हर दूसरी मां की तरह जीवन जीने की कोशिश कर रही हूं। मैं बस इसे जारी रखने की कोशिश कर रही हूं।₹ फिल्म बैक इन एक्शन में कैमरून डियाज, एक पूर्व सीआईए जासूस एमिली की भूमिका निभा रही हैं।

### टॉलीवुड

## 'द राजा साब' के सेट से लीक हुआ सीन प्रभास की फिल्म का वीडियो वायरल



संक्रांति और पोंगल के अवसर पर आगामी फिल्म 'द राजा साब' का नया पोस्टर जारी किया गया। वहीं अब फिल्म के सेट से मालविका मोहनन का एक फाइटिंग सीन वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गया है, जिसे देखने के बाद प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं।

प्रभास स्टारर फिल्म 'द राजा साब' के पोस्टर पहले ही प्रशंसकों को उत्साहित कर चुके हैं। वहीं अब फिल्म के सेट से मालविका मोहनन का फाइटिंग सीन लीक होने पर प्रशंसकों का उत्साह फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गया है। इस ऑनलाइन लीक हुए वीडियो में मालविका जमकर एक्शन करती नजर आ रही हैं, जो 'द राजा साब' के प्रशंसकों को बेहद रास आ रहा है। मारुति द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसी बीच, मालविका मोहनन का एक फाइटिंग सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह गुंडो की पिटाई करती नजर आ रही हैं। एक्स हैंडल पर एक फैन द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, मालविका को गुलाबी रंग के कैजुअल पहने और गुंडों से लड़ते हुए देखा जा सकती है। यह पहली बार नहीं है, जब सेट से कोई फोटो या वीडियो लीक हुआ है। इससे पहले कथित तौर पर 'द राजा साब' के सेट से निधि अग्रवाल की एक तस्वीर लीक हुई थी। हाल ही में, संक्रांति और पोंगल के अवसर पर आगामी फिल्म 'द राजा साब' का एक नया पोस्टर जारी किया गया था। पोस्टर में प्रभास को बेहद कूल और विंटेज लुक में दिखाया गया। प्रभास के इस पोस्टर ने हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के प्रशंसकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की शानदार सफलता के बाद प्रभास 'द राजा साब' में नजर आएंगे। 'द राजा साब' का निर्देशन प्रसिद्ध मारुति ने किया है, जिन्हें तेलुगु सिनेमा में हॉरर-कॉमेडी शैली के लिए जाना जाता है। इस फिल्म का निर्माण विश्व प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले किया है। थमन एस के संगीत के साथ, यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में पांच भाषाओं में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## देशभक्ति के रंग में रंगी अक्षरा, रिलीज करेंगी नया गाना 'भारत की मिट्टी'



26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंग जाएगा। भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह भी पीछे नहीं हैं। गणतंत्र दिवस से पहले वो देश के जांबाजों को सलाम करते हुए एक वीडियो सॉन्ग रिलीज करने जा रही हैं। उन्होंने अपने गाने से पहला पोस्टर शेयर किया है और फैंस से प्यार और सपोर्ट की गुजारिश की है।

अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर अपने नए वीडियो के बारे में जानकारी देते हुए लिखा, 'देशभक्ति वीडियो सॉन्ग 'भारत की मिट्टी' कल सुबह साढ़े 6 बजे 'अक्षरा सिंह ऑफिशियल' यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। अपना प्यार और सपोर्ट दीजिए। जय हिंद।' अक्षरा के पोस्ट पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। सभी कॉमेंट सेक्शन में 'जय हिंद' लिखते हुए भोजपुरी एक्ट्रेस को सपोर्ट कर रहे हैं। उनका ये पोस्ट काफी पसंद किया जा रहा है। अक्षरा सिंह ने रवि किशन के साथ 2010 में एक्शन ड्रामा 'सत्यमेव जयते' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वो 'सत्या', 'तबादला', 'मां तुझे सलाम' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने टीवी पर 'काला टीका', 'सर्विस वील बहू', 'पोरुष' और रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' के पहले सीजन भी किया है। अक्षरा सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। उनके इंस्टाग्राम पर कई सारे फॉलोअर्स हैं।




> नई सदी में जन्म लेने वाली जेन जेड पीढ़ी स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के साथ बड़ी हुई है। इसलिए उनके पहनावे में भी आधुनिकता झलकती है। वे खुद को व्यक्त करने के लिए अक्सर मीम्स, इमोजी और जीआईएफ का उपयोग करते हुए अनौपचारिक संचार शैलियों का उपयोग कर रहे हैं। इस पीढ़ी का फैशन पिछली पीढ़ी से बिल्कुल जुदा है।

## कम खर्च में घर पर इस तरीके से बना सकती हैं हेयर जेल

हेयर जेल यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के मिल जाएंगे, पर केमिकल युक्त होने की वजह से यह बालों को फायदे की जगह नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, आप अपने घर पर ही मौजूद नेचुरल चीजों की मदद से भी हेयर जेल बना सकते हैं। खास बात यह है कि आप अपने बालों को नेचुरल तरीके से हेल्दी, सॉफ्ट और शाइनी बनाए रख सकते हैं।

### घर पर ऐसे तैयार कर सकती हैं होममेड हेयर जेल

**शिया बटर हेयर जेल:** शिया बटर को पिघलाएं और उसमें एलोवेरा जेल मिलाएं।दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके जेल तैयार कर लें। इसे आप अपने बालों पर लगाकर 20-25 मिनट तक रखने के बाद साफ पानी से धो लें। यह बालों को गहराई से हाइड्रेट करने में मदद करता है। बालों में चमक लाता है और डैमेज हेयर को रिपेयर करता है।

**फ्लैक्ससीड हेयर जेल:** एक पैन में पानी डालें और उसमें फ्लैक्ससीड डालकर धीमी आंच पर पकाएं। जब पानी गाढ़ा होकर जेल जैसा दिखने लगे, तो इसे छान लें। ठंडा होने के बाद इसमें एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं। इसे अपने बालों पर 25-30 मिनट तक लगाएं और फिर शैंपू से धो लें। यह बालों को मजबूत और शाइनी बनाने के साथ-साथ इसमें नमी लाता है। फ्लैक्ससीड हेयर जेल से स्कैल्प को पोषण मिलता है।

**खीरा और एलोवेरा से बनाएं हेयर जेल:** खीरे को छीलकर कद्दूकस कर लें। उसमें एलोवेरा जेल मिलाकर अच्छी तरह पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को बालों पर लगाकर 20-30 मिनट तक रखें।बाद में शैंपू से धो लें। यह बालों को ठंडक और नमी देता है। बालों की डैंड्रफ



और खुजली से राहत दिलाने में कारगर उपाय है। साथ ही, यह रूखे बालों को मुलायम बनाने में असरदार साबित हो सकता है।

**चिया सीड्स हेयर जेल:** चिया सीड्स को पानी में 2-3 घंटे के लिए भिगोकर रखें। जब बीज फूल जाएं, तो इसमें एलोवेरा जेल मिलाकर अच्छी तरह मिक्स करें। इस जेल को बालों पर 20-25 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें। यह होममेड जेल बालों को घना और मुलायम बनाने में कारगर होता है। हेयर ग्रोथ को बढ़ावा देता है और बालों की नमी बनाए रखता है।

## आउटफिट के साथ बेहतरीन लगेंगे स्टोल, पसंद आएंगी खास डिजाइंस




सर्दी में सबसे ज्यादा लुक क्रिएट करने को लेकर हम कंफ्यूजन रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आउटफिट को अलग-अलग तरह से स्टाइल करने के लिए हमें काफी सोचना पड़ता है। इसकी वजह होती है बढ़ती ठंड। हर कोई इस ठंड से बचने के लिए अलग-अलग चीजों को स्टाइल करता है। लेकिन लुक स्टाइलिश नजर नहीं आता है। अगर आपके साथ भी यही दिक्कत है, तो ऐसे में आप अपने आउटफिट के साथ स्टोल को वियर करें। काफी अच्छे डिजाइन में आपको स्टोल के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे वियर करके लुक अच्छा लगेगा।



### कुर्ती के साथ करें स्टोल वियर

आप कुर्ती के साथ भी स्टोल को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। अगर आपका कुर्ता सिंपल या प्लेन डिजाइन में है, तो ऐसे में आप प्रिंटेड डिजाइन वाले स्टोल को खरीदकर स्टाइल कर सकते हैं। इस आप श्रग की तरह वियर कर सकती हैं या आप इसे सिंपल तरीके से स्टाइल कर सकती हैं। इससे आका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह के स्टोल 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

### फ्लोरल प्रिंट स्टोल करें वियर

आप लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप फ्लोरल प्रिंट वाले स्टोल को वियर कर सकती हैं। इस रह के स्टोल जींस और टॉप के साथ काफी अच्छे लगते हैं। साथ ही, इससे लुक भी सबसे अलग नजर आता है। इस तरह के स्टोल को वियर करके आप अलग नजर आ सकती हैं। इसमें आपको कलर लाइट और डार्क दोनों तरह के मिल जाएंगे। इससे आप इसे जींस के साथ वियर कर पाएंगी।

### ड्रेस के साथ स्टाइल करें वूलन स्टोल

आप अपनी ड्रेस में कम्फर्टेबल और ठंड से बचने के लिए ड्रेस के साथ स्टोल वियर कर सकती हैं। स्टोल में आपको काफी अच्छे डिजाइन वाले स्टोल मिल जाएंगे। जिसे वियर करके आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। इसे आप गले पर क्रॉस डिजाइन में वियर करें। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह से स्टोल आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

## साड़ी का ओपन पल्लू नजर आता है खराब, तो इन टिप्स की मदद से करें इसे सही से सेट

साड़ी पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर शादी या किसी फंक्शन में इसे वियर करते हैं। लेकिन साड़ी का पल्लू सही से सेट नहीं हो पाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम सही तरीके को ट्राई नहीं करते हैं। इसी वजह से हमारा पल्लू सही से सेट नहीं होता है। इसके लिए हम आपको आर्टिकल में कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे। जिसे ट्राई करके आपका पल्लू सही से सेट हो जाएगा।

### पल्लू के लिए लें सही लेंथ

आप अपनी साड़ी के पल्लू को सही से सेट करने के लिए आपको सबसे पहले पल्लू को सही लेंथ में लेना है। इसके बाद इसे सही से पिन करना है। बस इस बात का ध्यान रखना है कि इसके लिए आपको बॉर्डर वर्क का भी ध्यान रखना है। साथ ही, आपको ये साड़ी को सही से सेट करना है।

### पल्लू पर बनाएं प्लीट्स

आप साड़ी के पल्लू को सही से सेट करने के लिए आपको खुला पल्लू लेना है। अब इसमें नीचे की तरफ प्लीट्स बनाना है। फिर



इसमें पिन लगानी है। इससे आपको पल्लू को कैरी करने में दिक्कत नहीं होगी। फिर आपको अपने एक साइड दुपट्टे को सेट करने है। फिर इसमें प्लीट्स बनानी है। इससे साड़ी लुक अच्छा लगेगा।

### लाइट फैब्रिक के पल्लू को सेट करना आसान

अगर साड़ी का पल्लू हल्के और पतले कपड़े का है, तो उसे थोड़ा ज्यादा टाइट करके पकड़ें और फिर पिन की मदद से सेट करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे साड़ी पर सिलबटे नजर नहीं आती है। साथ ही, साड़ी के पल्लू को सेट करने में आसानी हो जाती है।

## आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगी कुंदन वर्क ज्वेलरी

कई सारे खास मौके पर महिलाएं लहंगा वियर करना पसंद करती हैं जो खूबसूरत लुक के परफेक्ट ऑप्शन हैं। लेकिन, अगर आप लहंगे में अपना लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो आप इस आउटफिट के साथ कुंदन वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी जहां आपके लुक कम्पलीट करने में मदद करेगी तो वहीं इनमें आप लुक भी स्टाइलिश भी नजर आएगा

### बीड्स वर्क कुंदन ज्वेलरी

लहंगे में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के बीड्स वर्क वाली कुंदन ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं। यह ज्वेलरी आपके लुक में चार चाँद लगाने का काम करेगी साथ ही आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। इस तरह की ज्वेलरी आप डार्क कलर के लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप 500 से 700 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। बीड्स वर्क में आप इस तरह की कुंदन ज्वेलरी भी आप लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।



इस तरह का बीड्स वर्क कुंदन ज्वेलरी भी आपके लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हो सकते हैं। लाइट या ब्राइट कलर के लहंगे के साथ आप वियर कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। इस तरह का मोती वर्क कुंदन ज्वेलरी आप 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

### नौजवानों की पसंद बन रहा है लैटिना मेकअप

## आजकल ट्रेंड में है लैटिना मेकअप का जादू, जानें इसका स्टेप बाय स्टेप तरीका

आपने रील्स में एक न एक बार लैटिना मेकअप के बारे में सुना होगा तो आपके मन में भी ये सवाल आया होगा कि ये आखिर है क्या? इसी बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी ट्रेंड के हिसाब से मेकअप कर सकें। समय के साथ-साथ फैशन में काफी बदलाव होता है। चाहे कपड़ों की बात हो, या फिर बात हो मेकअप करने के तरीके की, हर चीज में कुछ-कुछ समय के बाद बदलाव आता है। आजकल सोशल मीडिया के जामाने में इंस्टाग्राम की रील्स पर लैटिना मेकअप काफी ट्रेंड हो रहा है। लैटिना मेकअप लैटिन अमेरिकी महिलाओं की सुंदरता और स्टाइल से प्रेरित एक मेकअप शैली है। ये महिलाओं को ग्लैमरस और बोल्ड लुक देने का काम करता है। इस मेकअप पैटर्न में त्वचा का प्राकृतिक ग्लो बनाए रखते हुए फीचर्स को हाइलाइट किया जाता है। इसमें डार्क आई मेकअप, बोल्ड लिप्स, और शार्प फेस पर ध्यान दिया जाता है। यदि आप भी ट्रेंड के हिसाब से इस मेकअप लुक को कैरी करना चाहती हैं तो यहां स्टेप-बाय-स्टेप लैटिना मेकअप गाइड दी गई



### सबसे पहले त्वचा को करें तैयार

लैटिना मेकअप करने के लिए सबसे पहले अपनी त्वचा को तैयार करें। अपनी त्वचा को अच्छा सा फेसवॉश इस्तेमाल करके क्लीन करें और उसे मॉइस्चराइजर से नरम बनाएं। इसके बाद एक अच्छी क्वालिटी का प्राइमर लगाएं, जिससे मेकअप लंबे समय तक टिके और त्वचा स्मूद दिखे।

### अब है फाउंडेशन और कंसीलर की बारी

चेहरे को मेकअप के लिए तैयार करने के बाद अपनी त्वचा के टोन के अनुसार मैट या ड्यूई फिनिश वाला फाउंडेशन लगाएं। इसे ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर से समान रूप से ब्लेंड करें। यदि चेहरे पर डार्क सर्कल्स और दाग-धब्बों हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसे आंखों के नीचे, नाक के ब्रिज, और चिन पर लगाएं, ताकि आपके चेहरे की टोन समान हो जाए।

### कंटूरिंग है जरूरी

लैटिना मेकअप में चेहरा काफी शार्प दिखना चाहिए। इसके लिए गालों के नीचे, नाक के किनारों और जॉ-लाइन पर कंटूरिंग करें। इससे फेस को शार्प और स्ट्रक्चर्ड लुक



मिलेगा। ये उन लोगों के लिए काफी जरूरी स्टेप है, जिनके चेहरे पर डबल चिन है या जिनका चेहरा गोल है।

### आई मेकअप है अहम भाग

लैटिना मेकअप के लिए न्यूड, गोल्डन, या ब्रॉन्ज आईशैडो लगाएं। गहरे रंग को क्रीज पर लगाएं और लाइट शेड्स को लैश लाइन और आईलिड्स पर ब्लेंड करें। इसके बाद विंग्ड आईलाइनर बनाएं, जो आंखों को एक बोल्ड लुक देगा। लैशेज पर मस्कारा लगाएं और अगर आप चाहें तो फेक लैशेज का इस्तेमाल करें।।